वर्ष 14, अंक 69
गैरसैंण
सोमवार
3 जुलाई 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## यूपी की सभी 80 सीटें जीतेगी बीजेपी, 300 सीटों के साथ तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी: शाह



**लखनऊ , एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश में भाजपा का गठबंधन अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के साथ रहेगा। यूपी की सभी 80 सीटें जीतकर देश में एक बार फिर तीन सौ से अधिक सीटों के साथ केंद्र में एनडीए की सरकार और नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे। शाह ने रविवार को अपना दल (एस) की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में स्वर्गीय सोनेलाल पटेल की जयंती पर आयोजित जन स्वाभिमान दिवस समरोह को संबोधित किया। गृहमंत्री ने देश की सुरक्षा और पिछड़े व दलितों के अधिकारों को लेकर सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

अमित शाह ने कहा कि अपना दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के सदस्य हैं। अनुप्रिया पटेल मोदी मंत्रिपरिषद की सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 तथा विधानसभा चुनाव 2017 और 2022 में भाजपा और अपना दल ने साथ लड़कर जीता है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि यूपी को सपा, बसपा की विघटनकारी शक्तियो से संपूर्ण निजात मिली है। यूपी की कानून व्यवस्था ठीक हुई है। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में औद्योगिक निवेश आ रहा है। मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं को यूपी शासन जमीन पर पहुंचा रहा है।

उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में अपना दल के कार्यकर्ताओं से पूछा कि 2024 में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हैं, फिर से एनडीए की सरकार बनानी हैं, तीन सौ पार वाली सरकार बनानी हैं? कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से हाथ उठाते हुए हां कहा। शाह ने अपना दल के कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा, अपना दल और निषाद पार्टी को जिताने का आह्वान किया।

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने नौ साल में विशेष तौर पर पिछड़ा समाज के लिए ढेर सारे काम किए हैं। आजादी के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्रिपरषिद में पिछड़े वर्ग के 27 मंत्री हैं। पहली बार सबसे अधिक पिछड़े, आदिवासी, दलित समाज के सांसद एनएडीए में चुनकर आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा कई बार सत्ता में रहे या सत्ता में हिस्सेदार रहे, लेकिन उन्होंने पिछड़े समाज को संवैधानिक मान्यता दिलाने का प्रयास नहीं किया।

उन्होंने कहा कि यूपी की जनता ने नरेंद्र मोदी को दो बार प्रधानमंत्री बनाया तो मोदी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता दिलाई। नीट में पिछड़े वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण दिलाया। पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी में भी पिछड़े वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था को लागू किया।

मोदी सरकार के प्रयास से ही पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक सहायता डीबीटी से खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि ओबीसी के बच्चों को उद्योग के लिए वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना की है। यूपी सरकार ने आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेलव विश्वविद्यालय की स्थापना की। वहीं प्रतापगढ़ में सोनेलाल पटेल मेडिकल कॉलेज की स्थापन की गई है। योगी सरकार ने पिछड़ा समाज के लोगों को सबसे अधिक सरकारी नौकरी दी है।

अमित शाह ने कहा कि स्वर्गीय सोनेलाल पटेल का पूरा जीवन दलित, पिछड़े, आदिवासी, वंचित समाज के कल्याण के लिए संघर्ष में बीता। सोनेलाल कई बार जेल गए, पुलिस के मुकदमे और प्रताड़ना भी झेली। लेकिन पिछड़ों के लिए संघर्ष की राह नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि अनुप्रिया पटेल भी सोनेलाल के बताए रास्ते पर अपना दल को आगे ले जा रही है।

अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने पहले भाषण में कहा था कि उनकी सरकार गरीब, पिछड़े, दलित और आदिवासी की सरकार है। उन्होंने कहा कि यह भाषण कांग्रेस के नेताओं की तरह कोरा वादा नहीं था। मोदी ने जो कहा था वह कर दिखाया। नौ साल में तीन करोड़ से अधिक पीएम आवास बनाए हैं। 9.6 करोड़ गरीब के घर में रसोई गैस कनेक्शन दिया। 70 करोड़ गरीबों को तीन साल से हर महीने मुफ्त अनाज दे रहे हैं। 50 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दिया है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय देश में आए दिन आतंकी हमले होते थे। लेकिन आज मोदी के नेतृत्व में देश की जनता सुरक्षित महसूस कर रही है।

## तेंदुए ने ली भोजनमाता की जान

**टनकपुर (चंपावत)।** उत्तराखंड के चंपावत वन प्रभाग के बूम रेंज में जंगल में चारा लेने गई महिला को रविवार सुबह तेंदुए ने मार डाला। महिला गांव के ही सरकारी स्कूल में भोजनमाता थी। तेंदुए ने महिला का सिर धड़ से अलग कर दिया था। वन विभाग ने शव को पोस्टमार्टम के लिए टनकपुर उप जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना रविवार सुबह की है।

सूखीढांग क्षेत्र के धूरा गजार गांव निवासी चंद्रावती (39) पत्नी प्रकाश चंद्र शर्मा गांव की दो अन्य महिलाओं के साथ घर से करीब दो किलोमीटर दूर पूर्वी छीनी कंपार्टमेंट एक के जंगल में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी।

सुबह करीब 10:30 बजे चारा काटते के दौरान तेंदुए ने चंद्रावती पर हमला कर दिया। तेंदुआ महिला को करीब सौ मीटर दूर तक घसीटकर ले गया और उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। चंद्रावती पर तेंदुए का हमला होते ही साथ गईं अन्य दो महिलाओं ने भागकर जान बचाई।पता चलते ही गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। बूम रेंज के वन क्षेत्राधिकारी गुलजार हुसैन भी टीम के साथ पहुंच गए और घटनास्थल से कुछ दूरी से चंद्रावती का शव बरामद कर लिया। वन क्षेत्राधिकारी गुलजार हुसैन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए उप जिला अस्पताल टनकपुर भेजा जा रहा है। ग्राम प्रधान कमल किशोर ने बताया कि चंद्रावती गजार राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भोजनमाता थी।

## रानीखेत में बवाल, तीन बच्चों की मां को भगा ले गया समुदाय विशेष का युवक

**रानीखेत (अल्मोड़ा)।** पुरोला मामले की तरह अब रानीखेत में समुदाय विशेष के युवक के दूसरे समुदाय की महिला को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने पर बखेड़ा हो गया। आरोप है कि सैलून की दुकान चलाने वाला युवक द्वाराहाट क्षेत्र की तीन बच्चों की मां को अपने साथ ले आया। इससे आक्रोशित बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए आरोपी की दुकान में हंगामा किया। कोतवाली और बाजार में भी नारेबाजी की।

आक्रोशित भीड़ ने उसकी दुकान में तोड़फोड़ की कोशिश भी की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। रानीखेत में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। हेयर ड्रेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके



खिलाफ 3/5 उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2018 सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। वहीं, महिला को नारी निकेतन भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार शनिवार रात को द्वाराहाट इलाके के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी कोतवाली रानीखेत में दर्ज कराई थी। तहरीर में कहा गया था कि वह रानीखेत जाने की बात कहकर गई थी लेकिन घर नहीं लौटी। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु के मामले को गंभीरता से लेने पर सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेमचंद्र पंत को महिला को जल्द तलाश करने के निर्देश दिए थे। सर्विलांस टीम की मदद से महिला को रविवार को नरसिंह ग्राउंड रानीखेत के पास से मो. चांद के साथ पकड़ लिया।पूछताछ में महिला ने बताया कि मो. चांद ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। सीओ के अनुसार कचहरी लाइन रानीखेत निवासी मो. चांद को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 366, 376, 506 भादवि और 3/5 उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2018 के तहत केस दर्ज किया गया है।रविवार को इस मामले ने तूल पकड़ लिया। बजरंग दल, भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय लोग कोतवाली पहुंचे और मामले को लव जेहाद बताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी महिला का धर्म परिवर्तन कराने की फिराक में था। इसके बाद उन्होंने आरोपी की दुकान के बाहर भी हंगामा किया और दुकान तोड़ने की कोशिश की लेकिन कोतवाल हेम चंद्र पंत ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह मामला शांत कराया।इसके बाद भी लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ और वे नगर के गांधी चौक में मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

## पांच बैठकें हुई, अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंची समिति की सिफारिशें, स्पीकर को निर्णय लेने का अधिकार

**देहरादून , एजेंसी।** लोकायुक्त बिल विधानसभा प्रवर समिति की पांच बैठकें कर चुकी थीं। लेकिन बिल पर समिति की सिफारिशें अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंच पाई। 2017 में तत्कालीन वित्त मंत्री प्रकाश पंत की अध्यक्षता में प्रवर समिति बनाई गई थी। लेकिन 2019 में उनके निधन के बाद प्रवर समिति लोकायुक्त पर आगे नहीं बढ़ पाई।2018 में त्रिवेंद्र सरकार के समय लोकायुक्त विधेयक सदन पटल पर रखा गया था। इस बिल को विधानसभा प्रवर समिति को सौंपा गया। जिसमें तत्कालीन वित्त मंत्री प्रकाश पंत को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसमें भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान, महेंद्र भट्ट, विपक्ष के प्रीतम सिंह समेत सात सदस्य थे। लोकायुक्त बिल पर प्रवर समिति ने लगभग पांच बैठकें भी कर ली थी। साथ ही बिल पर लोगों से ऑनलाइन सुझाव लिए गए थे।वर्ष 2019 में वित्त मंत्री प्रकाश पंत के आकस्मिक निधन हो गया। इसके बाद प्रवर समिति लोकायुक्त बिल आगे नहीं बढ़ पाई और न ही सिफारिशों की रिपोर्ट विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी।



# पहाड़ी अंजीर व बेडू देगा बेहतर स्वरोजगार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** उम्मीद है कि आने वाले दिनों में महिलाएं पहाड़ी अंजीर (बेडू)से अपनी आर्थिकी मजबूत करेंगी। उद्यान विभाग के फल प्रसंस्करण केंद्र में महिलाओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का डीएम ने शुभारंभ किया।

पांच दिनों तक महिलाओं को केंद्र में बेडू से जैम, चटनी, अचार और ड्राई अंजीर बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए डीएम डॉ आशीष चौहान ने पहाड़ी अंजीर (बेडू) से जैम, अचार, चटनी, ड्राई अंजीर बनाने की तैयारियां का जायजा लिया। पौड़ी में भी अब पहाड़ी फल बेडू से बने उत्पाद बाजार में उपलब्ध होंगे। इससे न सिर्फ विलुप्ती की कगार पर पहुंचे फल को पुनर्जीवित किया जा सकेगा बल्कि इससे स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के नई अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे। उद्यान विभाग और रिप परियोजना पहाड़ी अंजीर (बेडू) की तरह स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाले अन्य फलों का सैंपल भी एकत्रित करेगी। साथ ही विभाग उनकी न्यूट्रीशन और मेडिसिन वेल्यू का भी पता लगाएगी। जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

# छुट्टी खत्म होने के बाद वापस लौट रहे प्रवासी, बस में सीट के लिए मारामारी

## दिल्ली, चंड़ीगढ़, गुडगांव सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों के लिए बढ़ी यात्रियों की संख्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गर्मियों की छुट्टियों में अपने गांव पहुंचे प्रवासियों के वापस लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में कोटद्वार बस अड्डे में अचानक मैदान की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। रविवार को दिल्ली, चंडीगढ़, गुडगांव सहित अन्य रूटों पर बसों में सीट के लिए मारामारी देखने को मिल रही है।

स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी के बाद बड़ी संख्या में प्रवासी अपने गांव पहुंचे थे। छुट्टी समाप्त होने के बाद अब यह प्रवासी वापस लौटने लगे हैं। यही कारण है कि रविवार को दिल्ली, चंडीगढ़, गुड़गांव सहित अन्य मैदानी रूटों पर जाने वाले यात्रियों की सबसे अधिक संख्या दिखाई दी। सुबह से ही बस स्टेशन में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही थी। पहाड़ से कोटद्वार पहुंच रही जीएमओयू व मैक्स वाहन भी यात्रियों से पूरी तरह भरे हुए थे। कोटद्वार स्टेशन में उतरते ही मैदानी रूट पर जाने वाली बस में सीट के लिए मारामारी मची हुई थी। कई यात्री बस की खिड़कियों से सामान डालकर सीट घेरने के प्रसार में जुटे हुए थे। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी परिवार के साथ सफर करने वाले लोगों को हो रही थी। कोटद्वार डिपो के कनिष्ठ केंद्र प्रभारी वीरेंद्र जदली ने बताया कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दिल्ली रूट पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जा रहा है। बसों में सीट के लिए आनलाइन बुकिंग भी की जा रही है।



कोटद्वार बस स्टेशन में बस के इंतजार में खड़े यात्री

### सड़क पर लगा जाम

कई प्रवासी अपने वाहनों से मैदान की ओर लौट रहे हैं। ऐसे में रविवार को कोटद्वार की सड़कों पर वाहनों का दबाव देखने को मिला। पूरे दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। यातायात पुलिस को जाम खुलवाने के लिए पसीना बहाना पड़ा।

# कांवड़ मेले को कसी कमरः 74 सीसीटीवी कैमरे और तीन ड्रोन से रहेगी नजर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** जिला प्रशासन ने कांवड यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यात्रा की निगरानी 74 सीसीटीवी कैमरे और 3 ड्रोन से होगी। एसएसपी ने मेले में तैनात पुलिस जवानों से यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार रखते हुए सतर्क रहकर डयूटी करने व यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से चलाने व यातायात प्लान के हिसाब से वाहनों को उनकी दिशा में भेजने, कांवड़ यात्रा के दौरान सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि मेला क्षेत्र को 1 सुपर जोन, 7 जोन व 23 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। हर सुपर जोन में अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी, जोन में पुलिस उपाधीक्षक व सेक्टरों में एसएचओ, एसआई, एसओ, उपनिरीक्षक व अपर उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों को तैनात किया गया है।

बताया कि मेले में पौड़ी व अन्य जनपदों से पुलिस बल तैनात किया गया है। जिसमें एसडीआरएफ की 2 टीम, जल पुलिस, गोताखोर टीम, दो क्यूआरटी टीम, पीएससी टीम के साथ–साथ आतंकी घटनाओं की रोकथाम के लिए एक एंटी टेरेस्ट इस्काइड टीम मेला क्षेत्र में चौबीस घंटे के लिए एक्टिव रहेगी। साथ ही तीसरी आंख के रुप में 74 सीसीटीवी कैमरे व 3 ड्रोनों से पूरे मेले क्षेत्र में होने वाली अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। कांवड़ मेले के दौरान भीड़ में किसी व्यक्ति के परिजन उनसे बिछुड़ जाने पर उनको परिजनों से मिलाने हेतु मेला क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थानों पर कुल 6 खोया पाया केंद्र स्थापित किए गए है। वाहनों के अव्यवस्थित रूप से खड़े पाए जाने पर उन्हें हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। बताया कि मेला क्षेत्र में 15 से 17 जुलाई भारी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी।

# अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, आदतन अपराधियों की निगरानी करने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त आदतन अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

इस क्रम में जनपद की कोटद्वार पुलिस ने मादक पदार्थों एवं शराब तस्करी के कारोबार में संलिप्त चार आदतन अपराधियों के विरूद्ध धारा 110 (जी) सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की। ये अपराधी लगातार मादक पदार्थों एवं शराब तस्करी के कारोबार में संलिप्त थे। इन अपराधियों में कमलेश खन्तवाल, पुत्र स्व. दिनेश चन्द्र खन्तवाल, निवासी–लालपुर सुखरौ, विरेन्द्र कुमार, पुत्र वेद प्रकाश, निवासी– मोटाढाक,रोहित जोशी, पुत्र हीरा जोशी, निवासी–मानपुर व रोहित नेगी, पुत्र राजमोहन सिंह नेगी, निवासी– काशीरामपुर तल्ला,कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल शामिल हैं।

# नागरिक मंच ने दी बाजार बंद की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नागरिक मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों की मासिक बैठक में क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का निस्तारण न होने पर रोष व्यक्त किया गया। चेतावनी दी गई कि समस्याओं का समाधान न होने पर मंच भविष्य में बाजार बंद करने पर बाध्य होगा।व्यापार मंडल सभागार में अध्यक्ष सी पी नैथानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधान सभा में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। कहा कि समस्याओं के निराकरण को लेकर मंच की ओर से गढ़वाल सांसद, वन मंत्री व विधान सभा अध्यक्ष को अवगत करा दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि मंच की ओर से कोटद्वार से अन्य रेल सेवाओं के संचालन को लेकर किए गए धरना व रेल रोको आंदोलन के बाद भी प्रशासन की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। चेतावनी दी कि रेल सेवा के संचालन सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण को लेकर शीघ्र ही नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार किया जायेगा और आवश्यक हुआ तो बाजार बंद भी किया जायेगा। मौके पर नजीबाबाद से हावड़ा व मसूरी एक्सप्रैस को पकड़ने के लिए कोटद्वार से नजीबाबाद तक रात में रेल सेवा आरंभ करने की मांग सहित नगर निगम द्वारा निगम के ग्रामीण क्षेत्रों के व्यवसायियों पर कर लगाने का विरोध किया गया

### जन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जताया रोष

# ग्राम कोटा में क्षतिग्रस्त हुआ मकान, हादसा टला

**पौड़ीः** चौबट्टाखाल विधानसभा के जयहरीखाल ब्लाक के ग्राम सभा कोटा में लगातार हो रही बारिश के चलते एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।मकान क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने दूर संचार पर डीएम पौड़ी से वार्ता कर पीड़ित परिवार को जल्द राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। तहसीलदार सतपुली सुधा डोभाल ने बताया कि बारिश के चलते बीते शनिवार देर रात ग्रामसभा कोटा निवासी बच्चन दास पुत्र दर्शन दास का मकान क्षतिग्रत हो गया। राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। साथ ही पीड़ित को गांव के आंगनबाड़ी भवन में शिफ्ट किया गया है। जहां उनके रहने व खाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही अग्रिम कार्यवाही जारी है।

# घर के आंगन में गिरा बुजुर्ग, मौत

**कोटद्वारः** थाना पैठाणी के चुठाली गांव में बीती रात एक बुजुर्ग घर के आंगन से नीचे गिर गए। हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल पौड़ी के लिए भेज दिया है।

थानाध्यक्ष पैठाणी वीरेंद्र रमोला ने बताया कि बीते शनिवार की देर रात कंडारस्यू पट्टी के चुठानी गांव के निवासी केसर सिंह रावत (61) रात को घर पर थे। इस दौरान कमरे से बाहर आंगन में टहलने के लिए आ गए। इस बीच अचानक वह अनियंत्रित होकर आंगन से नीचे गौशाला में गिर गए। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके बाद आनन फानन में परिजनों ने गांव वालों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान बुजुर्ग केसर सिंह ने दम तोड़ दिया। बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पीएम के लिए जिला अस्पताल पौड़ी भेज दिया है।

### जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन रांसी स्टेडियम का निरीक्षण

**पौड़ीः** डीएम ने निर्माणाधीन रांसी स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने स्टेडियम के आसपास हेलीपैड के लिए भूमि चिन्हित करने के लिए अफसरों को निर्देश दिए। डीएम ने रांसी स्टेडियम का कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्टेडियम के आसपास हेलीपैड निर्माण के लिए भूमि का चयन करने के लिए एसडीएम सदर व ग्रामीण निर्माण विभाग के अफसरो को लोनिवि के साथ समंवय स्थापित करते हुए जल्द जगह चिहिंत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम मुक्ता मिश्रा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट, सहायक अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग विशाल चौहान आदि शामिल रहे।

# गुमशुदा युवती को परिजनों को सौंपा

**पौड़ीः** थाना पैठाणी क्षेत्र से लापता एक युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

थाना पैठाणी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 19 साल की बेटी 30 जून की सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसके बाद वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए उनकी बेटी की सकुशल घर वापसी की गुहार पुलिस से लगाई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र रमोला ने बताया कि लापता युवती को पुलिस ने पैठाणी क्षेत्र से ही सकुशल बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि युवती परिजनों की किसी बात से नाराज होकर चली गई थी। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपिका बिष्ट, दिनेश राणा, कांस्टेबल धनंजय, तुलसी शामिल रहे।

# वेतन विसंगतियों को लेकर उपवास पर बैठे पूर्व सैनिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** वन रैंक वन पेंशन में वेतन विसंगतियों को दूर किए जाने की मांग को लेकर पूर्व सैनिकों ने रविवार को डीएम कार्यालय के बाहर हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति स्थल पर उपवास पर बैठे। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से जल्द ही वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग उठाई।

रविवार को उपवास करते हुए पूर्व सैनिक कल्याण संगठन पौड़ी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि देशव्यापी आंदोलन के तहत पौड़ी मुख्यालय में भी पूर्व सैनिक कलेक्ट्रेट परिसर के समीप 7 पूर्व सैनिकों द्वारा 1 दिन का उपवास रखा गया है। कहा कि लंबे समय से पूर्व सैनिक अपनी वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। दिल्ली के जंतर मंतर पर आंदोलनरत पूर्व सैनिक लंबे समय से आंदोलनरत हैं। उनके समर्थन में पौड़ी मुख्यालय में भी उपवास रखा गया है। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने सरकार से जल्द ही पूर्व सैनिकों की मांगों को हल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जल्द ही मांग पूरी नहीं होने पर पूर्व सैनिक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। भूख हड़ताल में पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा के साथ उपाध्यक्ष सत्यवान सिंह, गणेश प्रसाद डोभाल, सुरेंद्र सिंह, मातबर सिंह, अतुल सिंह शामिल रहे। वहीं धरने में सुरेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, सते सिंह बिष्ट, एमएस कंडवाल, संतन सिंह, दिनेश चंद्र, विक्रम सिंह, शिव सिंह, गणेश प्रसाद डोभाल, मदनमोहन कठैत आदि शामिल रहे।



पौड़ी में उपवास पर बैठे पूर्व सैनिक

# वेतन विसंगतियों में सुधार की मांग, पूर्व सैनिकों ने किया अनशन

## केंद्र सरकार से की वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए पूर्व सैनिकों ने तहसील में एक दिवसीय अनशन दिया। पूर्व सैनिकों ने केंद्र सरकार पर उनकी अनदेखी का भी आरोप लगाया। कहा कि सरकार पूर्व सैनिक व सैनिकों की समस्या को लेकर लापरवाह बनी हुई है। यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन चलाया जाएगा।

रविवार को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति से जुड़े पूर्व सैनिकों ने तहसील में अनशन किया। समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में वन रैंक, वन पेंशन में बहुत अधिक विसंगतियां है। जिसके कारण पूर्व सैनिकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। 20 फरवरी से पूर्व सैनिक लगातार धरना–प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का कार्य कर रहे हैं। बावजूद इसके समस्या पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। मौके पर पूर्व सैनिकों ने केंद्र सरकार से वन रैंक, वन पेंशन में सभी सैनिकों के लिए फिटमेंट फैक्टर बराबर करने, वीर नारियों को अधिकारी वीर नारियों के समान पेंशन देने, अपंगता पेंशन समान करने व स्वैच्छिक रिटायरमेंट के पेंशनर को भी वन रैंक वन पेंशन का लाभ देने की मांग उठाई।

कहा कि जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं होगा पूर्व सैनिक सरकार के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे। इस मौके पर राजेश सिंह, नंदन सिंह, ठाकुर सिंह, देवेंद्र रावत, सुभाष कुकरेती, सूरबीर खेतवाल, मदन सिंह, कुबेर जलाल, देवेंद्र धस्माना, राजेश वर्मा, गोपाल नेगी, भारत सिंह, दरवान सिंह, वलवान सिंह, प्रकाश रावत, प्रमोद रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में अनशन पर बैठ पूर्व सैनिक

# पौधा रोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः वन विभाग के तत्वावधान में आयोजित वन महोत्सव के तहत अद्ववानी, फैडखाल सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन पौधरोपण किय गया। इस दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भी बढ–चढ़ कर भाग लिया। गढ़वाल वन प्रभाग के नागदेव रैंज के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन नेगी ने बताया कि विभाग की ओर से पौधारोपण के तहत बांज, बुराश, देवदार अखरोट सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए व इनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस मौके पर वन दरोगा राकेश रावत, आरक्षी मुकेश, सुखदेव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। इससे पूर्व कंडोलिया क्षेत्र के रांसी में वन संरक्षक पंकज कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न प्रजाति के पचास पौधे लगाए गए। इस मौके पर सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के डीएफओ केएन भारती, वन क्षेत्राधिकारी मनोज रावत आदि शामिल रहे।

# ग्राम ग्वीराला बल्ली को मथाण मोटर मार्ग से जोड़ने की मांग

## दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मथाणा में आयोजित किया गया शिविर



दुगड्डा ब्लाक के ग्राम मथाणा में आयोजित बहुद्देशीय शिविर में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** जन समस्याओं के निराकरण के लिए दुगड्डा ब्लॉक के ग्राम मथाणा में बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अधिकारियों को जन समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम ग्वीराला बल्ली को मथाणा मोटर मार्ग से जोड़ने की भी मांग उठाई।

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मथाणा में ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजिन किया गया। बहुद्देशीय शिविर में ग्राम पंचायत मथाणा के साथ ही चौंडली, कांडई, व ग्वीराला के ग्रामीणों ने अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। ग्राम ग्वीराला के ग्रामीणों ने गांव के आसपास भूस्खलन की चपेट में आने वाले विद्युत ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करवाने की बात कही।

ग्राम मथाणा के ग्रामीणों ने गांव के आसपास झूल रही विद्युत तारों को ठीक करने की मांग उठाई। कहा कि घरों के आसपास नीचे तक झूल रहे विद्युत तालों से करंट फैलने का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बल्ली–मोटर मार्ग पर मथाण के समीप नालियों के स्कवर व क्षतिग्रस्त पुस्तों की मरम्मत करवाने की भी मांग उठाई। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की भी जानकारी दी।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी जयकृत बिष्ट, सहायक पंचायत अधिकारी ज्योतिष चंदोला, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह, सुनील नेगी, राखी देवी, दीपा रावत, धर्मेंद्र चौहान, इंद्रमोहन राणा आदि मौजूद रहे।

# बंदर और लंगूर के आतंक से परेशान हैं ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में बंदर और लंगूरों ने ग्रामीणों को परेशान कर रखा है। हालत यह है कि बंदर और लंगूर भगाने पर हमलावर हो रहे हैं।

ब्लाक के अंतर्गत बडगांव, बिल्टिया, सिलवाड़, मेरूड़ा और खेतू सहित अन्य गांवों में वर्तमान में आम के पेड़ों पर बंदरों और लंगूरों ने डेरा डाला हुआ है। मौका मिलते ही ये ग्रामीणों के घरों में पहुंचकर बाहर रखे सामान को इधर–उधर फेंक रहे हैं और भगाने पर काटने के लिए आ रहे हैं। ग्रामीण विक्रम सिंह, बलबीर सिंह, जय सिंह, गंगा सिंह, मनवीर सिंह और सुभाष चंद्र ने बताया कि वर्तमान में वे खेतों में धान लगाने की तैयारी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके खेत में चले जाने पर उत्पाती बंदर घर में पहुंचकर बाहर रखे सामान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं जलेथा के गुणखिला तोक में पिछले कुछ दिनों से लंगूर उत्पात मचा रहे हैं। स्थिति यह है कि लंगूर ग्रामीणों और बच्चों पर हमला कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उन्हें उत्पाती बंदरों और लंगूरों से निजात दिलाने की मांग उठाई है।

# त्रिभुवन गिरी महाराज को गुमानी पंत साहित्य सम्मान मिलने पर पूर्व जिलाध्यक्ष रौतेला ने किया स्वागत



अल्मोड़ा। जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र सिंह बोरा उर्फ त्रिभुवन गिरी महाराज को गुमानी पंत साहित्य सम्मान मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला ने संस्था भवन में जाकर त्रिभुवन गिरी महाराज को हार्दिक बधाई दी व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। त्रिभुवन गिरी महाराज साहित्य के क्षेत्र में अनेकों किताबों के रचयिता हैं और साथ–साथ कई नाटकों का लेखन भी इनके द्वारा किया गया है।

क्या पहचान प्रिया की होगी, महाकाव्य गोरिल, उपन्यास कल्याण, बाजी कुड़ी पहरू, सहित कई किताबें इनके द्वारा लिखी गयी हैं। कई फिल्मों का लेखन, गीत आदि आपके द्वारा लिखे गए हैं। रवि रौतेला ने उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी। महासम्पर्क अभियान के दौरान मुलाकात करते हुए रवि रौतेला ने कहा कि मोदी सरकार की यही नीति है वो ऐसे ऐसे हीरों को ढूंढ निकालती है जो वर्षों से जमीन में तो कार्य कर रहे थे लेकिन सरकारों की नजर ऐसे लोगों पर नही पड़ रही थी।

## छह माह से बन्द पड़े घर को चोरों ने बनाया निशाना

हल्द्वानी। डहरिया में छह माह से बंद पड़े घर को चोरों ने निशाना बना लिया। चोर घर से ज्वेलरी व नगदी लेकर फरार हो गए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ईको टाउन फेज एक निवासी बलबीर कौर का कहना है कि बीते लंबे समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा है। छह माह पूर्व इलाज के सिलसिले में वह दिल्ली बेटी के पास गई थीं। शुक्रवार को उनके बेटे सुरजीत का फोन आया कि घर के ताले टूटे हुए हैं। सूचना पर वह रात को ही लौट आई। घर पहुंचने पर देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है। लॉकर में रखे सोने के कंगन समेत अन्य सामान गायब है। अलमारी में रखी नगदी भी चोरी हुई है।

# 2 गुमशुदा नाबालिगों को पुलिस ने किया सकुशल बरामद



अल्मोड़ा। शनिवार 1 जुलाई को थाना धौलछीना में सूचना प्राप्त हुई कि कनारीछीना निवासी 02 नाबालिग बालक शुक्रवार 30 जून को बिना बताए घर से कहीं चले गए हैं, जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहे हैं।

थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार द्वारा तत्काल गुमशुदा नाबालिग बालकों की खोजबीन के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया, टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लोगों से पूछताछ कर तलाश शुरू की गई, खोजबीन के दौरान कनारीछीना के पास सड़क के कल्वर्ट से दोनों नाबालिग बालकों को सकुशल बरामद किया गया। परिजनों की काउंसिलिंग कर नाबालिग बालकों को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। अपने बच्चों को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने अल्मोड़ा पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए, धौलछीना पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। यहाँ पुलिस टीम में एएसआई प्रकाश चन्द्र, कांस्टेबल नेत्र सिंह, होमगार्ड सुनील दत्त शामिल रहे।

# पेंशन विसंगतियों को लेकर पूर्व सेनानी एकता समिति ने की भूख हड़ताल



रुद्रपुर। वन रैंक वन पेंशन में विसंगतियों को लेकर आक्रोशित पूर्व सेनानी एकता समिति ने 1 दिन की भूख हड़ताल की। जहां विसंगतियां जल्द दूर ना होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। रविवार को वन रैंक वन पेंशन में विसंगतियों को लेकर पूर्व सेनानी एकता समिति के सेवानिवृत्त फौजियों ने एसडीएम कोर्ट पर 1 दिन का अनशन किया। जहां उन्होंने केंद्र सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। कहा कि कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने का आश्वासन दिया था, लेकिन कई माह बीतने के बाद भी विसंगतियों को दूर नहीं किया गया है। आरोप है कि सेना के रिटायर्ड अफसरों की पेंशन उनकी पेंशन की अपेक्षा ज्यादा बढ़ाई गई है।

जिसको वह अपने साथ अन्याय मानते हैं और केंद्र सरकार से जल्द से जल्द विसंगति को दूर करने की मांग की है।

## महिला कॉलेज में बीए में 479 और बीकॉम में 114 आवेदन

हल्द्वानी। समर्थ पोर्टल के जरिए डिग्री कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन करने का रविवार को अंतिम दिन रहा।

महिला डिग्री कॉलेज को शाम 5 बजे तक 1157 आवेदन प्राप्त हुए हैं। नोडल अधिकारी डॉ. सरस्वती बिष्ट ने बताया कि बीए के लिए सर्वाधिक 479, बीएससी बायोलॉजी के लिए 291, बीएससी मैथ्स के लिए 153, बीकॉम के लिए 114 और बीकॉम ऑनर्स के लिए 120 आवेदन मिले हैं।

बीए के लिए 547, बीएससी बायोलॉजी के लिए 160, बीएससी मैथ्स के लिए 160, बीकॉम में 160 और बीकॉम ऑनर्स में 60 सीटें प्रवेश के लिए निर्धारित की गई हैं।

# शादी का झाँसा देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



अल्मोड़ा। द्वाराहाट निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के घर से रानीखेत जाने की बात कहकर वहाँ से गायब हो जाने के सम्बन्ध में कोतवाली रानीखेत में शनिवार 01 जुलाई रात्रि को गुमशुदगी दर्ज कराई गयी थी।

रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा महिला गुमशुदगी सम्बन्धी मामले की गम्भीरता व संवेदनशीलता के दृष्टिगत सीओ रानीखेत व एसएचओ रानीखेत को गुमशुदा महिला की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेमचन्द्र पंत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा महिला की तलाश हेतु खोजबीन शुरु की गई। पुलिस टीम द्वारा ठोस खोजबीन करते हुए सर्विलांस टीम की मदद से गुमशुदा महिला को रविवार 02 जुलाई को 02 घण्टों के भीतर नरसिंह ग्राउण्ड रानीखेत के पास से मोहम्मद चाँद नामक के व्यक्ति के साथ से बरामद किया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि मोहम्मद चाँद द्वारा बहला फुसलाकर शादी का झाँसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाए व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

# डीजीपी ने प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए चयनित भूमि का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाईन अल्मोड़ा में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। डीजीपी द्वारा सम्मेलन में उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारी की समस्याओं को सुनकर निराकरण के संबंधित को निर्देशित किया गया। डीजीपी द्वारा आईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी रामचंद्र राजगुरु समेत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना, चौकी प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। डीजीपी व आईजी कुमायूं रेंज द्वारा कानून व्यवस्था व क्राईम कंट्रोल के साथ साथ मानवीय कार्यो में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की गयी। डीजीपी द्वारा उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को साईबर अपराध व महिला संबंधी अपराधों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्यवाही करने साथ ही साथ जनजागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरुक करने तथा राजस्व क्षेत्र से पुलिस क्षेत्र में सम्मिलित हुये गॉवो में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस तक आमजन की पहुँच को आसान बनाने के निर्देश दिए गए। आईजी कुमाऊं द्वारा भी जनपद पुलिस के अधिकारियों का मार्गदर्शन किया गया। सम्मेलन के उपरांत डीजीपी द्वारा अल्मोड़ा पुलिस के प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अभियंताओं से भवन निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की गयी। इसके उपरांत पुलिस महानिदेशक का शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में आयोजित ऑपरेशन मुक्ति सेमिनार व पब्लिक मीटिंग हेतु आगमन हुआ। कार्यक्रम में ओशिन जोशी पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन अल्मोड़ा द्वारा ऑपरेशन मुक्ति के तहत जनपद पुलिस द्वारा किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण पीपीटी के माध्यम से डीजीपी सहित उपस्थित जनता के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन मुक्ति के तहत स्कूलों में दाखिल कराये गये नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भी कविता व देशभक्ति गीत गाकर डीजीपी सहित उपस्थित जनता को प्रभावित किया गया। आईजी कुमाऊॅ नीलेश आनंद भरणे द्वारा उपस्थित जनता से संवाद कर नगर की ट्रैफिक व्यवस्था सहित अन्य समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर निराकरण हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए। बचपन व शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चा अपने बचपन को जिये और शिक्षा ग्रहण करें, यही ऑपरेशन मुक्ति का उद्देश्य है। जिसे हम जनता के सहयोग से सफल बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे है।



**नशे के सौदागरों के समूचे नेटवर्क को समूल नष्ट करने के लिए पुलिस कटिबद्ध**

पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि प्रदेश में भिक्षा नहीं शिक्षा अभियान के तहत अबतक 3550 नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ा गया है। ये वह नौनिहाल हैं जो गरीबी या अन्य कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को बेहतर कारगर जनहितार्थ बनाने के लिए जन सुझावों को आधार बना कर प्रभावकारी बनाने की दिशा में गम्भीरता से कार्य किया जा रहा है।

# प्रदीप कक्कड़ बने हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति के अध्यक्ष



हल्द्वानी। हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति की आम सभा का आयोजन रविवार को हुआ। जिसका संचालन हरिमोहन अरोड़ा ने किया। संस्था संरक्षक एवं वरिष्ठजनों ने सवसम्मिति से समिति का नव गठन करते हुए अगले दो वर्षों के कार्यकाल के लिए प्रदीप कक्कड़ को अध्यक्ष बनाया। संजीव आनंद को उपाध्यक्ष, मुकेश ढींगरा को महामंत्री, उमंग वासुदेवा को संयुक्त सचिव एवं अवनीश राजपाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान संस्था संरक्षक कश्मीरी लाल साहनी, सुभाष मोंगा, रमेश सडाना, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र साहनी, प्रेम मदान, महेश आहूजा, हरिमोहन अरोरा, डॉ अतुल राजपाल, डॉ विनय खुल्लर, डॉ एन के मेहता, महेश आहूजा हनी, राजीव बग्गा, किशनलाल राजपाल, विनय विरमानी, जगमोहन साहनी, संजय बग्गा, अशोक मोंगा, राजू आनंद, सुनील सूरी, सचिन साहनी, अंकुर मोंगा, पंकज साहनी, ज्ञान स्वरूप ग्रोवर, अमित राजपाल, गौतम साहनी, पंकज आनंद,रोहित बजाज, मोहित सडाना, राजेंद्र भारद्वाज, विशाल वोहरा, अजय गुम्बर, सवित सडाना, चेश्ठा सडाना आदि मौजूद रहे।

## अधिवेशन में उठी पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग

हल्द्वानी। उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को हल्द्वानी में आयोजित किया गया। अधिवेशन में राज्य में पुरानी पेंशन योजना बहाली का मुद्दा छाया रहा है। वक्ताओं ने कहा कि कई राज्यों ने इसे लागू कर दिया है, प्रदेश सरकार को भी इस पर ध्यान देना चाहिए। चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द सुनवाई नहीं होने पर आगामी चुनाव में कर्मचारी निर्णायक निर्णय लेने को बाध्य होंगे। एमबीपीजी कॉलेज में हुए अधिवेशन को उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने किया। इस मौके पर कर्मचारी संगठन ने मुख्य अतिथि के माध्यम से तीस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांगों का शासन स्तर से समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों के हितों का हनन हो रहा है।

# राष्ट्रीय बॉक्सिंग में उत्तराखंड को 3 स्वर्ण समेत 4 पदक



हल्द्वानी। मध्यप्रदेश के भोपाल में 26 जून से 1 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय यूथ महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिया में उत्तराखंड के मुक्केबाजों ने दबदबा कायम किया है प्रतियोगिता में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर रहा है प्रतियोगिता के 45– 48 किग्रा भार वर्ग में कार्निक कठायत ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 57–60 किग्रा भर वर्ग में निकिता चंद ने दिल्ली की सिया को 5–0 से हराकर गोल्ड मैडल अपने नाम कियो 60–63 किग्रा भार वर्ग में दीपा ने पंजाब की अर्शदीप को 5–0 से हराकर गोल्ड मैडल प्राप्त कियो जबकि 63–66 किग्रा भार वर्ग में काजल फर्स्वाण ने दिल्ली की सुप्रिया को 4–1 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया।

# न्यूज पोर्टल पत्रकार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का हुआ गठन



अल्मोड़ा। न्यूज पोर्टल पत्रकार एसोसिएशन अल्मोड़ा की प्रथम बैठक रविवार को जाखनदेवी स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से न्यूज पोर्टल पत्रकार एशोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में वेब फास्ट न्यूज़ पोर्टल के डी एस सिजवाली उपाध्यक्ष, सत्यपथ न्यूज पोर्टल के कपिल मल्होत्रा सचिव, पहाड़ एक्सप्रेस के राहुल जोशी उपसचिव, आरएनएस न्यूज पोर्टल के विनोद जोशी कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। इसके अलावा वेदपुंज न्यूज पोर्टल के दयाकृष्ण काण्डपाल एवं अपना उत्तराखंड न्यूज पोर्टल के हरीश त्रिपाठी को सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य लक्ष्य न्यूज पोर्टल पत्रकारों के हितों की रक्षा करना है एवं शीघ्र ही एसोसिएशन के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगे आने वाले समय में अल्मोड़ा जनपद के समस्त न्यूज पोर्टल पत्रकारों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा सत्यमेव जयते न्यूज पोर्टल के एस एस कपकोटी, थर्ड आई न्यूज पोर्टल के राजीव कर्नाटक, बिन्सर टाइम्स न्यूज पोर्टल के शिवेंद्र गोस्वामी, हिमशिखर एक्सप्रेस न्यूज पोर्टल के संजय अग्रवाल शामिल रहे।

## स्थानांतरण विसंगति दूर करने की मांग उठाई

अल्मोड़ा। राजकीय शिक्षक संघ मंडल कार्यकारिणी ने स्थानांतरण विसंगति को दूर करने की मांग की। इस संबंध में संघ ने अल्मोड़ा दौरे पर पहुंचे मंडलीय अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा को ज्ञापन सौंपा। साथ ही जल्द स्थानांतरण विसंगतियों दूर नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। रविवार को वक्ताओं ने कहा प्रवक्ता स्थानांतरण सूची को प्रत्यावेदनों से मांगें पदों में संसोधित करने, दुर्गम क्षेत्र में अधिक सेवा गुणांक वाले शिक्षकों का स्थानांतरण की नहीं किया गया है, जबकि कम सेवा वाले शिक्षकों का स्थानांतरण किया है। उन्होंने सुगम से दुर्गम श्रेणी में स्थानांतरित किए गए शिक्षकों से विकल्प लेने, अनिवार्य स्थानानंतरण की अंतिम पात्रता सूची जारी करने समेत 13 सूत्रीय समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई।

# प्रदेश में कौमी एकता कायम रखने को सद्भावना सम्मेलन का हुआ आयोजन



हल्द्वानी। प्रदेश में कौमी एकता कायम रखने के लिए बुद्ध पार्क में रविवार को जन संगठनों, विपक्षी दलों ने सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया। वक्ताओं ने राज्य में अल्पसंख्यक और दलित उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ने का आरोप लगाते हुए इसे शासन प्रशासन की नाकामी बताया। कहा कि राज्य में नफरत नहीं रोजगार की जरूरत है। संविधान–लोकतंत्र बचाने, सद्भावना और कानून का राज बनाने के लिए काम किया जाना चाहिए।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने जोशीमठ की त्रासदी से लेकर अंकिता हत्याकांड तक का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में सभी तबकों के लोग असुरक्षित हैं। सरकार सिर्फ नफरती और सांप्रदायिक प्रचार कर रही है। एक विशेष समुदाय के खिलाफ माहौल बनाकर जनता के जरूरी सवालों से ध्यान भटकाया जा रहा है। जिसे किसी भी हालात में सफल नहीं होने दिया जाएगा। सीपीआई (एमएल) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे शब्दों द्वारा अपराध को सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा है।जबकि इन बातों का न कोई सबूत है और न ही कोई डाटा।

# निम के माउंटेन टैरेन बाइकिंग दल का रुद्रप्रयाग में स्वागत



रुद्रप्रयाग। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) का माउन्टेन टैरेन बाइकिंग अभियान दल रविवार को रुद्रप्रयाग पहुंचा जहां पुलिस कार्यालय में दल का स्वागत किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे द्वारा झंडी दिखाकर दल को रुद्रप्रयाग से आगे के लिए रवाना किया गया।

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई वाइब्रेंट विलेज स्कीम को लेकर सीमा के साथ जुड़े हुए गांवों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने एवं लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) उत्तरकाशी का एक दल माउन्टेन टैरेन बाइकिंग अभियान पर रवाना है। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने दल का स्वागत किया। दल के सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त करने के बाद अभियान की विस्तृत जानकारी ली गई। इस दल का नेतृत्व कर रहे मेजर देवल वाजपेयी (उप प्रधानाचार्य निम) द्वारा जानकारी दी गई कि वाइब्रेंट विलेज स्कीम में अभियान शुरू हुआ है। सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्थानीय स्तर पर रोजगार और पर्यटन को बढ़ाने और स्वस्थ भारत अभियान में युवा वर्गों में साहसिक क्रियाकलापों के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, युवाओं के बीच साहसिक क्रियाकलापों के उचित लोकाचार को बढ़ावा देना है।

## जखोली में संक्रामक बीमारी से कई पशुओं की मौत

रुद्रप्रयाग। विकासखंड जखोली में लंपी चर्म रोग वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। रविवार को ब्लॉक मुख्यालय की ग्राम पंचायत जखोली में पशुओं में नए बिमारी के मामले सामने आए जबकि तीन पशुओं की मौत हो हुई है। जखोली निवासी नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया है कि गांव में गाय, भैंस व बैल एक नयी किस्म की बीमारी के संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि गांव में इस बीमारी से पशु की संक्रमण के कारण दीपक आर्य की गाय, बैल व बछड़े की मौत हुई। जबकि गम्भीर सिंह चौहान की गाय की भी मौत हुई है। उन्होंने पशुओं की मौत से पशुपालन विभाग से गांव में वैक्सीनेशन करने की जरूरत बताई है। वहीं रविवार होने के कारण पशु चिकत्सिालय जखोली में तैनात पशु–चिकित्सिक डा.निधि बिष्ट ने दूरभाष पर कहा है कि सोमवार को गांव में टीम भेजकर किसानों का दवा बांटी जाएगी।

# भुनका और पोखरी के ग्रामीणों को पुलिस ने किया जागरूक

रुद्रप्रयाग। राजस्व क्षेत्र से नियमित रेगुलर पुलिस मे शामिल हुए ग्राम सभा भुनका व पोखरी को पुलिस की मदद के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीणों को चौकी घोलतीर द्वारा पुलिस की कार्य प्रणाली, साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव, गौरा शक्ति मॉड्यूल व आपातकालीन नम्बरों आदि के बारे में व्यापक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। चारधाम यात्रा के साथ–साथ आम जनमानस के बीच पहुंचकर जागरूकता बढ़ाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे द्वारा दिए गए निर्देशों को लेकर चौकी घोलतीर पुलिस द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शुरूआत में ही राजस्व पुलिस से नियमित पुलिस क्षेत्र में सम्मिलित हुए ग्राम सभा भुनका व ग्राम सभा पोखरी के जनमानस के बीच पहुंचकर पुलिस द्वारा चौकी घोलतीर से उप निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह व आरक्षी संजीव कुमार द्वारा ग्रामीणों को पुलिस की कार्य प्रणाली, साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव, उत्तराखण्ड पुलिस एप के गौरा शक्ति मॉड्यूल तथा आपातकालीन हैल्प नम्बर 112 के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर ठग अलग–अलग तरीकों से हर प्रकार के नागरिकों को ठग रहे हैं। इनका ऐसा प्रभाव हैं कि अपने को बहुत पढ़ा–लिखा व जानकार समझने वाला व्यक्ति भी किसी न किसी प्रकार से इनके झांसे में आ रहा है। कई बार लोग अपनी खुद की सामाजिक प्रतिष्ठा व लोक लाज के चलते अपनी शिकायत नहीं कर पाते हैं। उनके द्वारा बताया गया कि साइबर ठगी हो जाने पर शीघ्र 1930 पर कॉल करें। नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जाकर इसी सूचना जरूर दें। साइबर ठगी की शिकायत पर जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी शिकायत करें। एक बार गलती होने पर दुबारा ये गलती बिल्कुल भी न करें कि आप शिकायत ही न करें। साइबर ठगी के कई प्रकार जैसे कि स्कैनर के जरिए ठगी, फेसबुक, व्हट्सएप क्लोनिंग, अनजान लिंक, ऑनलाइन शॉपिंग व अन्य लुभावने ऑफरों के जरिये ठगी की जा सकती है।

## वनों कें संरक्षण का संकल्प लिया

नई टिहरी। ब्लॉक प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप रमोला ने ग्राम पंचायत खेत में आयोजित वन महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वन हमारी राष्ट्रीय संपदा होने के साथ ही अमूल्य धरोहर भी है, इसलिए वनों के संरक्षण एंव संवर्धन के लिए सबको आगे आने की जरूरत है। इस मौके पर ग्राम वन समिति के पदाधिकारयों, वन विभाग के कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने मिलकर पौधरोपण करते हुए वन के संरक्षण का संकल्प लिया।

# देशभर के श्रद्धालुओं को पहुंचाएंगे गंगाजल



नई टिहरी। श्री बदरीश युवा पुरोहित संगठन की वार्षिक बैठक में देवप्रयाग तीर्थ का पावन गंगाजल देशभर के श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही तप्त कुंड परिसर बदरीनाथ में भव्य दीपोत्सव पर्व आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई। रविवार को तीर्थनगरी में कर्नाटक भवन में संगठन अध्यक्ष श्रीकांत बडोला की अध्यक्षता मे युवा पुरोहितों ने दिवंगत तीर्थ पुरोहितों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। वार्षिक बैठक में आगामी कार्ययोजनाओं का सचिव गौरव पचंभैया व वार्षिक आय–व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल पंचभैया ने रखा। बैठक में श्री गणेशचतुर्थी महोत्सव गत वर्षों की भांति बदरीनाथ धाम में मनाने, श्रीमद् भागवत कथा व धार्मिक यात्रा का आयोजन ऋषिकेश करने, दीपोत्सव पर्व तप्तकुंड परिसर बदरीनाथ धाम में किये जाने, श्री रघुनाथ मंदिर देवप्रयाग की पौष मास की महापूजा पर पुस्तक प्रकाशित करने व पावन गंगा जल को देवप्रयाग से देशभर के श्रद्धालुओं तक पहुंचाने की कार्ययोजना भी बनाई गयी। संगठन ने बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान पर श्री बदरीश पंडा पंचायत व प्रभावित परिवारों का पूरा साथ देने का भी सर्वसम्मत फैसला लिया। तीर्थ पुरोहित समाज के उत्थान के लिए बैठक में विशेष चर्चा हुई। बैठक में आशीष कोटियाल, राकेश कनार्टक, प्रदीप भट्ट, हरिओम उनियाल, योगेश ध्यानी, मनीष कोटियाल, दुर्गेश पंचपुरी, भास्कर पुरोहित, मिथलेश पंचभैया, अतुल जागीरदार, सिद्धार्थ ध्यानी, श्री बदरीश पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी, सुधाकर बाबुलकर, रजनीश मोतीवाल आदि उपस्थित रहे।

## उपग्राम बडियारी में शराब पर लगाई रोक

चमोली। गैरसैंण के कोयलख ग्राम पंचायत उपग्राम बडियारी में अब सार्वजनिक कार्यों के दौरान शराब पीने और पीलाने पर महिला मंगल दल न पाबंदी लगा दी है। उपग्राम बडियारी में गत दिन ममंदल की बैठक में यह निर्णय सर्व सम्मति से पारित किया गया। ममंदल अध्यक्ष सुला देवी की अध्यक्षता में हुयी इस बैठक में गांव में सार्वजनिक कार्य के दौरान शराब परोसने व कायी में सार्वजनिक कार्यों में बांधा डालने वाले पर 5 हजार का जुर्माना तथा उसका बहिष्कार करने की भी बात कही गयी है। प्रधान मुकेश कंडारी ने बताया कि ममंदल का यह निर्णय गांव के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में कोषाध्यक्ष आनंदी देवी,संगीता ,देवकी, दीपा व समा देवी आदि ममंदल की सदस्य मौजूद रही ।

# दूषित पेयजल आपूर्ति पर नागरिक मंच ने जताया रोष



नई टिहरी। नागरिक मंच की बैठक में नई टिहरी नगर के साथ आसपास क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में छह प्रस्ताव को पास किये, नगर में दूषित पेयजल आपूर्ति किये जाने पर मंच के पदाधिकारियों ने गहरा रोष जताया। रविवार को नई टिहरी के बौराड़ी स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र में नागरिक मंच अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मंच पदाधिकारियों के साथ शहर के लोगों ने नई टिहरी नगर में जल संस्थान द्वारा दूषित पानी की आपूर्ति किये जाने पर गहरा रोष जताया गया। उन्होंने नगर के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करने की मांग की है। मंच के अध्यक्ष ने विस्थापित परिवारों को तत्काल भवन निर्माण सहायता देने, नई टिहरी से दिल्ली, चंडीगढ और नैनीतात के लिये रोडवेज और संयुक्त रोटेशनों की बसों का संचालन किये जाने के साथ नगरपालिका द्वारा नई टिहरी में हाउस टैक्स लगाने का विरोध किया है। इसके साथ ही नई टिहरी नगर के लिये घुत्तु ग्रेविटी पेयजल योजना की डीपीआर तैयार करने, नगर की आंतरिक खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत और सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने, नई टिहरी छमुंड चंबा प्रस्तावित सड़क मार्ग का निर्माण करने की मांग की। बताया शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी 16 जुलाई को पालिका सभासदों की मिलन केंद्र बौराड़ी में बैठक आहूत की जाऐगी, जिसमें नगर के विकास की रुप रेखा तैयार की जाऐगी। बैठक में मंच मंत्री जगजीत सिंह नेगी, संरक्षक चंडी प्रसाद डबराल, कमल सिह महर, चतर सिंह चौहान, राजेन्द्र असवाल, दिनेश रावत, विजेंद्र तोपवाल, आशा देवी, धर्मपाल आदि मौजूद थे।

# जल कलश वाहन को जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




नई टिहरी। देहरादून में बन रहे सैन्यधाम के लिए नई टिहरी से जल कलश वाहन को भाजपा जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीते शनिवार को जल कलशों में भागीरथी नदी के कोटी कॉलोनी तट से नई टिहरी लाया गया था। देहरादून में बन रहे सैन्यधाम के लिये नई टिहरी के हनुमान चौक से भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने रविवार को जल कलश वाहन को हरी झंडी दिखाकर देहरादून के लिये रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 16 पवित्र नदियों से जल एकत्रित कर वीर जवानों की स्मृति में देहरादून में बन रहे अमर ज्योति पर रविवार को पवित्र जल को अर्पित किया जाऐगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इससे पूर्व शहीद जवानों के घरों की मिट्टी को सैन्यधाम के लिये एकत्रित की गई थी। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के अथक प्रयासों से बन रहे पांचवें सैन्यधाम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

## नाबालिग बेटी से दुष्कर्म में पिता गिरफ्तार

हरिद्वार। थाना क्षेत्र में एक पिता पर अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। पुलिस ने नाबालिग की मां की शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूल रूप से ऋषिकेश नरेंद्रनगर निवासी है और रुड़की–हरिद्वार हाईवे स्थित एक गांव में रहता है। दंपति अलग–अलग निजी संस्थान में कर्मचारी है। शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर रहती थी। उसके पति बेटी के साथ दुष्कर्म करता है। जब बेटी को परेशानी हुई,

# पार्कों की दशा सुधारने में जुटी पालिका

चमोली। नगर पालिका के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नौनिहालों को खेलने के तैयार पार्कों की दशा सुधारने में नगर पालिका प्रशासन जुटा है। नौटी बैंड सहित कई पार्क नगर पालिका ने तैयार कर दिए हैं वहीं पोखरी पुल के नजदीक पार्क बनाने में पालिका प्रशासन जुटा है। पालिका प्रशासन का मानना है कि पार्कों के सुधारीकरण से जहां पर्यटकों को भी नगर भ्रमण में मदद मिलेगी। वहीं नौनिहालों को भी इन पार्कों का लाभ मिलेगा। नगर के नौटी बैंड पर अलकनंदा वन प्रभाग का पार्क लंबे समय से बदहाल था। स्थानीय लोगों की मांग पर पालिका ने 4 लाख 35 की लागत से यहां सुधारीकरण कार्य किया है। जहां लगे बच्चों के खेलने के उपकरणों से यहां शाम का नौनिहालों की भीड़ दिख रही है। यही नहीं पालिका ने नगर के जयानंद भारती पार्क पर 9 लाख 97 हजार, शक्तिनगर में 3 लाख, ईड़ा बधाणी में 5 लाख पाडली में 4 लाख 97 हजार से पार्कों का निर्माण किया है। जबकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए बदरीनाथ हाईवे पर पोखरी पुल के समीप करीब 33 लाख की लागत से पार्क निर्माणाधीन है। नगर पालिका की अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी और ईओ गुरूदीप आर्य ने बताया कि नगर पार्क, पार्किंग सहित सुलभ शौचालयों का निर्माण और सुधारीकरण किया जा रहा है। जिससे लोगों और पर्यटकों को सुविधाएं मिल सके।

## रुड़की में संपत्तियों की जीआईएस मैपिंग होगी

रुड़की। रुड़की में हर प्रॉपर्टी की ज्योग्राफिकल इंफार्मेशन सिस्टम (जीआईएस) मैपिंग की जाएगी। नगर निगम ने इसकी कवायद शुरू की है। इसे प्रॉपर्टी टैक्स से जोड़ा जाएगा। नगर निगम की शहर में टैक्स की डिमांड इस बार करीब 3.80 करोड़ है। साठ फीसदी तक ही टैक्स वसूली हो पाती है।

# खिलाड़ियों की चयन समितियों का गठन करें: सीडीओ

नई टिहरी। सीडीओ ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर समस्त स्तरों में आयोजित किये जाने वाले चयन ट्रायल्स हेतु चयन समितियों के गठन के साथ चयन ट्रायल्स स्थलों का निर्धारण करने के निर्देश दिये। सीडीओ मनीष कुमार ने विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृति योजना की बैठक लेते हुये जिला खेल अधिकारी एंव युवा कल्याण अधिकारी को सीएम उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृति योजना चयन ट्रायल्स हेतु चयन समितियों और स्थलों के निर्धारण करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने चिन्हित स्थानों पर पेयजल, चूना एंव सफाई व्यवस्था हेतु जल संस्थान, नगर पालिका, नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग को खिलाड़ियों के लिये समुचित व्यवस्था उपलब्ध करने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से योजना के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिये। जिला खेल अधिकारी संजीव कुमार पौरी ने बताया कि खिलाड़ियों को चयन हेतु न्याय पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर विभिन्न चयन समितियों का गठन किया जाना है,जिसे जल्द पूरा कर दिया जाऐगा। बैठक में एसीएमओ डॉ. एलडी सेमवाल, प्रभारी सीईओ ओपी वर्मा, डीईओपीआरडी पंकज तिवारी, नई टिहरी ईओ एमएल शाह, यूजी तिवारी, आरएस सजवाण, एसएच रौतेला, पीएस नेगी, दिनेश कृषाली आदि उपस्थित थे।

## गुरुद्वारा सुखधाम के सेवादारों ने चलाया स्वच्छता अभियान

रुड़की। श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देहरादून रोड स्थित श्री सुखधाम गुरुद्वारा में चल रहे तीन दिवसीय उत्सव पर गुरुद्वारे के सेवादारों ने नगर में स्वच्छता मुहिम चलाई। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। गुरुद्वारे के प्रवक्ता अजय मदान ने बताया कि आदिकाल से चली आ रही गुरु–शिष्य की परंपरा का अनुसरण करते हुए इसका शुभारंभ किया गया।

## आप ने ज्वालापुर में लगाया निशुल्क जनसेवा केंद्र

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी ने हर वार्ड, हर घर दस्तक अभियान के तहत ज्वालापुर स्थित बस्ती में वाल्मीकि मंदिर में निशुल्क जन सेवार्थ कैंप लगाया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने कहा कि महंगाई चरम पर है। टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। बढ़ती महंगाई में जनता त्रस्त है। ऐसे में आप ने निशुल्क जन सेवार्थ कैंप के माध्यम से जनता को राहत देने का कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि वार्ड नंबर 42 में छठा निशुल्क सेवार्थ कैंप लगाया गया। क्षेत्रीय जनता बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रही है। अब तक 6 वार्डों में सफलतापूर्वक कैंप लगाया गया है।

# गोपेश्वर में पूर्व सैनिक ने मांगों को लेकर भूख हड़ताल की




चमोली। वन रैंक वन पेंशन में हुई विसंगतियों के समाधान की मांग सहित 16 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व सैनिक लीग संगठन चमोली के बैनर तले पूर्व सैनिकों ने भूख हड़ताल की। जिलाधिकारी कार्यालय में पूर्व सैनिकों ने धरना प्रदर्शन किया। रविवार को संगठन के अध्यक्ष कैप्टन बीरेंद्र सिंह, महासचिव हवलदार महेंद्र राणा और उपाध्यक्ष हवलदार सुरेंद्र खत्री ने कहा कि जोखिम भत्ता, विकलांगता पेंशन, पारिवारिक पेशन एवं वीर नारियों की पेंशन, रिजर्व पेंशन, स्वेच्छा से सेवानिवृत्त सैनिकों को पेंशन के साथ 16 सूत्रीय मांगों में विसंगतियां हुई हैं। जिसको लेकर पूर्व सैनिक लीग संगठन जनपद मुख्यालयों से लेकर जंतर मंतर में आंदोलनरत हैं। इसके बावजूद भी सरकार की ओर से कोई भी ठोस निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है। जिससे आक्रोशित पूर्व सैनिकों सरकार के खिलाफा जनपद मुख्यालयों पर एक दिवसीय भूख हड़ताल करने को मजबूर हो रहे हैं। कहा इसके बाद भी अगर सरकार किसी तरह का निर्णय नहीं लेती हैं तो 23 जुलाई को देशभर के पूर्व सैनिक संसद घेराव करेंगे। जिसके लिए पूर्ण रूप से शासन और प्रशासन जिम्मेदार होंगे। पूर्व सैनिक लीग संगठन के जिलाध्यक्ष के बीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सैनिक देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्यौछावर कर देते हैं लेकिन सरकार द्वारा वन रैंक वन पेंशन में सैनिकों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया है।

# डीएम एवं एसएसपी ने किया कांवड़ मेला—2023 की तैयारियों की दृष्टिगत कावंड़ मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण



हरिद्वार। जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह ने रविवार को कांवड़ मेला–2023 की तैयारियों की दृष्टि से पूरे कावंड़ मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह सर्वप्रथम मेला अस्पताल होते हुये हिलबाई पास की ओर बढ़ते हुये मंशादेवी पैदल मार्ग के पास रूके, जहां पर उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये अधिकारियों को निर्देश दिये कि यहां पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाये। इसके बाद वे आगे बढ़ते हुये व्यू प्वाइण्ट पर पहुंचे तथा कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में पूरी हरकीपैड़ी आदि का बारीकी से जायजा लिया तथा हरकीपैड़ी पर पार्किंग आदि व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि मंशादेवी मार्ग के दोनों ओर प्लास्टिक आदि का कूड़ा विखरा पड़ा है। इस पर उन्होंने पुलिस, वन आदि सम्बन्धित विभागों को कल ही एक संयुक्त स्वच्छता अभियान इस रूट पर चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।व्यू प्वाइण्ट से आगे बढते हुये जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हिलबाईपास का जगह–जगह जायजा लेते हुये आगे बढ़ते रहे तथा अधिकारियों को आवश्यकतानुसार दिशा–निदेश दिये। कहीं–कहीं पर पहाड़ी से लैण्ड स्लाइड की संभावना को देखते हुये जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभाग से विचार–विमर्श करकें चिह्नित स्थानों के लैण्ड स्लाइड का स्थाई समाधान निकाला जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हिलबाईपास पर जहां पर भी लैण्ड स्लाइड की संभावना है, वहां–वहां पर जे0सी0बी0 की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि हिलबाईपास का उपयोग, पंचक के बाद, कांवड़ मेले के आखिरी दिवसों में, जब श्रद्धालु कावंड़ियों की संख्या बढ़ने लगेगी परिस्थितियों को देखते हुये, किया जायेगा।

हिलबाईपास का पूरा जायजा लेने के बाद वे मोतीचूर रेलवे स्टेशन पहुंचे तथा यहां से गुजरने वालों रेल गोड़ियों आदि के सम्बन्ध में रेलवे के अधिकारियों से जानकारी ली एवं श्रद्धालु कांवड़ियों की दृष्टि से यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मोतीचूर रेलवे स्टेशन का जायजा लेने के बाद जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अखण्ड गीता मन्दिर आश्रम, भूपतवाला, श्रीकृष्ण हरिधाम ट्रस्ट, सूखी नदी पुल, जय राम आश्रम नम्बर–2, श्री राम कुमार सेवा सदन, पंजाब सिन्ध क्षेत्र, भामगौड़ा, उंचा पुल होते हुये पन्त दीप व चमकादड़ पार्किंग पहुंचे तथा इन पार्कों की शौचालय, पानी, विद्युत आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों से मौके पर ही जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि लगभग सारी व्यवस्थायें पूरी कर ली गयी हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से पूछा कि कहीं पर पार्किंग स्थल में जल भराव तो नहीं होता है, अगर कहीं पर कोई ऐसा स्थान है, तो आज ही उसका समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड़ मेले की तैयारियों में कहीं पर भी कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी तथा जिसे भी जो कार्य सौंपे गये हैं, वे चाक–चौबन्द होने चाहिये।जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पन्तदीप व चमकादड़ पार्किंग का निरीक्षण करने के पश्चात बैरागी कैम्प पहुंचे तथा वहां की शौचालय, पानी, बिजली, वॉच टावर आदि की व्यवस्थाओं को देखा तथा कहीं पर अगर सुधार करना है, तो उसके सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। यहां का निरीक्षण करने के पश्चात वे शंकराचार्य चौक स्थित कांवड़ का प्रवेश द्वार कांवड़ पट्टी पहुंचे।

## आकाशीय बिजली गिरने से कच्चा मकान ढहा, पांच बकरियों की मौत

**उदयपुर (एजेंसी)।** समूचे उदयपुर जिले में बारिश का दौर जारी है। जिसके चलते शहरी क्षेत्र की झीलें लबालब होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। वहीं लसाडिया क्षेत्र के कूण गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक कच्चा मकान ढह गया। जिसमें बंधी पांच बकरियों की मौत हो गई। हालांकि गनीमत यह रही कि मकान में सोया परिवार बच गया।

मिली जानकारी के अनुसार मकान में किसान रामलाल का परिवार सोया हुआ था लेकिन सभी लोग इस हादसे में बच गए। उसके मकान के एक हिस्से में बकरियां बंधी थी, जिसमें से पांच की मौत हो गई।तेज बारिश से सरकारी स्कूल का परिसर बना तालाब भींडर के सारंगपुरा में सरकारी सी.सै. स्कूल खेताखड़ा का परिसर तेज बारिश के कारण एक तालाब की तरह बन गया। स्कूल के कमरों तक पानी भर गया। बारिश में इस तरह पानी भरने से स्कूल में बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी। इसको लेकर ग्रामीण कई बार प्रशासन को सूचित कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## मंत्री जॉन बारला की पायलट वैन को लॉरी की टक्कर, चार पुलिसकर्मी घायल

**कोलकाता, एजेंसी।** केन्द्र की मोदी सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉन बारला की पायलट वैन भीषण हादसे का शिकार हो गई है। खबर के अनुसार केंद्रीय मंत्री हादसे के दौरान मौजूद नहीं थे। लेकिन मंत्री के चार सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।घटना धुपगुड़ी ब्लॉक के ठाकुरपाठ इलाके में एशियन हाईवे पर घटी। खबरों में बताया गया है कि मंत्री बारला पंचायत चुनाव के प्रचार के लिए जा रहे थे कि हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस की पायलट वैन तेज़ गति से जा रही थी कि तभी ओवरटेक करने के दौरान पायलट वैन की एक लॉरी से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था की पायलट वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि उस समय जॉन बारला उस गाड़ी में नहीं थे। हादसे में पुलिस की गाड़ी पलट गई।

## तृणमूल कर्मी की गोली मार कर हत्या से तनातनी

**कोलकाता , एजेंसी।** बंगाल में हिंसा का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को एक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के परिवार ने 'राजनीतिक दुश्मनीइ को लेकर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। गौरतलब है, पश्चिम बंगाल में जबसे पंचायत चुनाव की तारीखों का एलान किया गया है, तबसे हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस ने बताया कि कार्यकर्ता जियारुल मोल्ला बसंती के एक गांव में सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले थे। उन्हें गोली मारी गई थी। मोल्ला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके परिवार ने बताया कि मोल्ला को लगातार धमकियां मिल रही थीं। उनकी हत्या राजनीतिक दुश्मनी के चलते की गई है। जियारुल मोल्ला के बेटे ने बताया कि उनके बहुत सारे दुश्मन थे।

उनकी राजनीतिक दुश्मनी थी। उन्हें पार्टी के दूसरे गुट की ओर से कई बार धमकी दी गई थी। उन्हें अलग-अलग नंबरों से फोन पर धमकी भरे कॉल आते थे। बेटे ने आगे कहा कि चूंकि, वह टीएमसी युवा विंग के सदस्य थे, तो दूसरे पार्टी के नेता अपने गुट में शामिल होने के लिए दबाव डालते थे। बता दें, पश्चिम बंगाल में आठ जुलाई को पंचायत चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले ही कुछ जिलों में राजनीतिक झड़पें हुई थीं, जिसमें कई की मौत और घायल हो गए थे।

# अजित पवार ने एनसीपी पर ठोका दावा

## शरद पवार बोले– जनता तय करेगी, जानिए क्या कहता है दल बदल कानून

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर उलटफेर हुआ है और नेता विपक्ष अजित पवार शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल हो गए हैं। शपथ ग्रहण के बाद अजित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बड़ा दावा करते हुए कहा कि पार्टी और चुनाव चिन्ह उनके साथ हैं और वह एनसीपी के चुनाव चिन्ह पर ही अगले चुनाव लड़ेंगे। इस तरह अजित पवार ने एनसीपी पर दावा ठोक दिया है। वहीं शरद पवार ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि कुछ लोग पार्टी पर दावा कर रहे हैं लेकिन यह जनता तय करेगी कि पार्टी किसकी है। इन दोनों बयानों से साफ है कि पार्टी को लेकर लड़ाई हो सकती है। ऐसे में फिर से दल बदल विरोधी कानून के प्रावधानों की चर्चा होगी।

1970 के दशक में भारतीय राजनीति में आया राम गया राम की राजनीति खूब प्रचलित थी। जिसके बाद साल 1985 में 52वें संविधान संशोधन के तहत दल-बदल विरोधी कानून पारित किया गया। संविधान की दसवीं अनुसूची में दल-बदल विरोधी कानून शामिल है और संशोधन के जरिए इसे संविधान में जोड़ा गया।

दल बदल विरोधी कानून के तहत किसी जनप्रतिनिधि को अयोग्य घोषित किया जा सकता है, अगर- कोई निर्वाचित सदस्य स्वेच्छा से किसी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता छोड़ देता है या चुनाव के बाद कोई अन्य राजनीतिक पार्टी में शामिल हो जाता है या वह किसी जरूरी वोटिंग से नदारद रहता है।

अगर किसी पार्टी के दो तिहाई सदस्य किसी अन्य पार्टी में शामिल हो जाते हैं तो उन विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। विधानसभा



का स्पीकर के पास अधिकार है कि वह दल बदल की स्थिति में विधायकों को अयोग्य ठहराने पर अंतिम फैसला करे।

अजित पवार का दावा है कि पार्टी के 40 विधायकों और छह एमएलसी का समर्थन उनके पास है। शरद पवार ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीकार किया कि एनसीपी में कौन उनके साथ है और कौन नहीं, ये अभी देखना बाकी है। महाराष्ट्र में एनसीपी के 54 विधायक हैं।

9 मंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। अजित पवार 40 विधायकों के समर्थन की बात कर रहे हैं तो ये साफ है कि अगर दल बदल विरोधी कानून के प्रावधान लागू हुए तो उनके समर्थक विधायकों की सदस्यता बच जाएगी। अब यही देखने वाली बात है कि अजित पवार के साथ कितने विधायक आते हैं।

इससे पहले बीते साल ही शिवसेना में भी ऐसी ही टूट हुई थी, जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में करीब चालीस विधायकों ने शिवसेना से बगावत कर दी थी। शिंदे ने अपने गुट को असली शिवसेना बताया था और पार्टी की चुनाव चिन्ह और पार्टी के नाम पर दावा कर दिया था। चुनाव आयोग ने भी शिंदे के पक्ष में फैसला दिया। यह मामला सुप्रीम कोर्ट गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कई अहम टिप्पणियां की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी राजनीतिक दल के बहुमत खो देने पर अपनी पार्टी के सदस्यों को कब्जे में करने के लिए दलबदल विरोधी कानून को हथियार नहीं बनाया जा सकता। शिंदे के वकील हरीश सालवे ने दलील दी थी कि पार्टी के भीतर का विवाद दल-बदल विरोधी कानून के दायरे में नहीं आता है। दल बदल विरोधी कानून केवल उन लोगों पर लागू होता है, जिन्होंने राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ी हो लेकिन अगर बागी विधायक भी पार्टी में हैं तो उन पर दलबदल कानून कैसे लागू होगा।

अब एनसीपी में भी ऐसी ही स्थिति दिखाई दे रही है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि महाराष्ट्र की राजनीतिक घटनाक्रम किस करवट बैठता है।

## ठग सुकेश चंद्रशेखर का बड़ा दावा, केजरीवाल के पास दुबई में तीन फ्लैट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित मनी लॉन्ड्रिंग और कई लोगों से जबरन वसूली के आरोपी ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उन पर दुबई में तीन फ्लैट होने का आरोप लगाया है। सुकेश चंद्रशेखर ने अपने पत्र में यह दावा किया है कि केजरीवाल ने ये फ्लैट कमीशन के पैसे से खरीदे हैं।

सुकेश ने पत्र में लिखा हैं कि केजरीवाल जी, मुझे पता चला है कि आपने दुबई में अपने सहयोगी मनोज जैन से जुमेराह पाम्स में उन तीन अपार्टमेंटों को तत्काल बेचने के लिए कहा है, जो 2020 में हैदराबाद में एक फार्मा ठेकेदार से प्राप्त कमीशन का उपयोग कर मेरे माध्यम से 65 मिलियन दिरहम की राशि में खरीदे गए थे।

उन्होंने आगे लिखा, चूंकि आप सच नहीं बोलेंगे, मेरे और सत्येन्द्र जैन के बीच की तीन पेज की व्हाट्सएप चैट मैं जारी कर दूंगा, जिसमें दुबई में इन तीन अपार्टमेंटों की खरीद का लेनदेन दिखाया गया है। उन्होंने लिखा, मैं अगले सात दिनों के भीतर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता को भी एक प्रति भेजूंगा।चन्द्रशेखर ने पत्र में कहा कि केजरीवाल और उनके सहयोगी जो अक्सर दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हैं, वही लोग उन्हें और उनके परिवार को धमकियां भेज रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल के एक करीबी ने उनकी मां को धमकी दी है। कहा, अगर मैं नहीं रुका तो मेरे खाने में जहर परोस दिया जाएगा।

## पाकिस्तान से संचालित हो रहे गजवा ए हिंद मॉड्यूल का भंडाफोड़, एनआईए ने तीन राज्यों में की छापेमारी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को तीन राज्यों में छापेमारी की। यह छापेमारी गजवा ए हिंद मॉड्यूल के संबंध में हुई। बता दें कि गजवा ए हिंद मॉड्यूल पाकिस्तान से संचालित हो रहा था और बड़ी संख्या में लोग इस मॉड्यूल से जुड़े हुए हैं, इनमें कई भारतीय भी हैं। एनआईए ने पटना में दो जगह, दरभंगा में एक जगह, सूरत और बरेली में भी छापेमारी की। छापेमारी में डिजिटल डिवाइस जैसे मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड और दस्तावेज जब्त किए हैं।

एनआईए ने बीते साल इस मामले का खुलासा किया था। बिहार पुलिस ने बीती साल 14 जुलाई को बिहार के फुलवारी शरीफ से मरगूब अहमद दानिश उर्फ़ ताहिर नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। इसके आठ दिन बाद एनआईए ने इस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। एनआईए ने जनवरी में दानिश के खिलाफ आईपीसी और यूएपीए एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी।

एनआईए ने बताया कि आरोपी, पाकिस्तान से संचालित गजवा ए हिंद मॉड्यूल का सदस्य है।

यह मॉड्यूल का उद्देश्य युवाओं को अपने साथ जोड़कर उन्हें कट्टरपंथी बनाना है। जांच में पता चला कि दानिश व्हाट्सएप पर बनाए गए गजवा ए हिंद ग्रुप का एडमिन था और इसका पेज पाकिस्तान से बनाया गया था।

इस ग्रुप में कई भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और यमन मूल के लोग जुड़े हुए थे। ये लोग देश में स्लीपर सेल बनाना चाहते थे ताकि आतंकी हमलों को अंजाम दिया जा सके। आरोपी ने सोशल मीडिया पर कई अन्य ग्रुप भी बनाए थे जैसे बांग्लादेशी गजवा ए हिंद और उसमें बांग्लादेश के युवाओं को जोड़ा था।

## केन्या में सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या 51 तक पहुंची

**केरिचो , एजेंसी।** पश्चिमी केन्या में एक सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है। पुलिस ने कहा, बचाव के प्रयास जारी हैं। बीती शाम को केरिचो काउंटी में नाकुरू-केरिचो राजमार्ग पर शिपिंग कंटेनर ले जा रहे एक ट्रक के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद ट्रक अन्य कारों से टकरा गया और पैदल चल रहे लोगों पर चढ़ गया।

रिफ्ट वैली क्षेत्रीय पुलिस कमांडर टॉम ओडेरो ने शनिवार को कहा, हमारे पास अब 51 शव हैं। कई अन्य घायल हो गए हैं और अस्पतालों में हैं। हादसे में कम से कम 32 लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ड्राइवर सड़क पर खड़ी एक मिनीबस से टकराने से बचने की कोशिश कर रहा था, तभी ट्रक नियंत्रण से बाहर हो गया। कई मिनी बसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

## दिल्ली की रामलीला में अब राम–हनुमान संस्कृत की जगह बोलेंगे अंग्रेजी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आदिपुरुष फिल्म में रामलीला के विभिन्न प्रसंगों पर छाए विवाद के बीच लालकिला मैदान में दशहरा के अवसर पर रामलीला मंचन कराने वाली लवकुश लीला कमेटी ने इस बार मंचन के दौरान संस्कृत के बजाय अंग्रेजी के शब्दों का उपयोग करने का एलान किया है।

कमेटी पदाधिकारियों ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रामलीला मंचन देखने के लिए आने वाले श्रद्धालु संस्कृत से वाकिफ नहीं है और उन्होंने अंग्रेजी में शिक्षा ग्रहण की है। इस कारण वह संस्कृत के शब्दों को समझ नहीं पाते है। लिहाजा इस बार उनको रामलीला से रूबरू कराने के लिए मंचन में हिंदी के आसान शब्दों के साथ-साथ अंग्रेजी के शब्द भी उपयोग किए जाएगे।

इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कहा कि इस बार भी उनकी कमेटी फिल्मों व टीवी कलाकारों से रामलीला के



प्रमुख पात्रों की भूमिका का मंचन कराएगें। यूनाइटेड नेशन में आयोजित बुद्धिस्ट फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्टर का अवार्ड विजेता फिल्म एंड टीवी एक्टर गगन मलिक राम का किरदार करेंगे, वही भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री सिंगर और देश विदेश में 500 से ज्यादा शोज कर चुकीं स्वीटी सीता का किरदार करेंगी, टीवी इंडस्ट्री में अनेक लोकप्रिय सीरियल से अपनी पहचान बना चुके एक्टर दिशांक अरोड़ा लक्ष्मण की भूमिका करेंगे। इसके अलावा अन्य एक्टर भी विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाएगे।

दूसरी ओर उन्होंने बताया कि रामलीला मंचन के लिए स्टा-रकास्ट में कुछ अहम बदलाव किए जाएगे। रामलीला के हाईटेक मंचन, एक्शन सीन्स और कॉस्ट्यूम्स पर मुंबई में कार्य चल रहा है।

लालकिला मैदान 15 से 25 अक्तूबर तक रामलीला मंचन किया जाएगा। वहीं अर्जुन कुमार ने विवादों में रही फिल्म आदिपुरुष के संबंध में कहा कि इस तरह भविष्य में कभी किसी भी फिल्म में हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई जानी चाहिए।

रामलीला में राम का किरदार निभा रहे गगन मलिक ने कहा कि आज समाज में रामायण जैसे

### कमेटी ने इसके पीछे दिया यह तर्क

मूल्य नहीं रहे हैं। इस कारण लोगों ने परिवार व दोस्तों में मधुर संबंध बनाने के लिए रामलीला मंचन देखना चाहिए और उसको अपने जीवन ढालना होगा। इस दौरान स्वीटी व दिशांक अरोड़ा के अलावा कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यभूषण जैन भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि हाईवे पुलिस सड़क सम्मोहन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रही है। अधिकारी के मुताबिक, 2022 में महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटनाओं में कुल 15,224 लोगों की मौत हुई।

पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के बुलढाणा जिले में एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकरा जाने के बाद एक निजी बस में आग लग गई, जिससे उसमें यात्रा कर रहे 25 यात्रियों की झुलसकर मौत हो गई।

# टीआरएस ने अपना नाम बदलकर 'बीआरएस-बीजेपी से रिश्तेदार समिति' कर लिया, गरीबों के सपने को कुचलाः राहुल

**हैदराबाद , एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तेलंगाना के खम्मम में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा और बीआरएस पर जमकर हमले किए। गांधी ने कहा, हमने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देश को एकजुट करने की बात कही थी। पूरे देश ने यह दिखाते हुए यात्रा का समर्थन किया कि वे नफरत और हिंसा के प्रसार का समर्थन नहीं करते।

उन्होंने आगे कहा, खम्मम कांग्रेस का गढ़ है और लोगों ने हमेशा अपना समर्थन दिखाया है। यहां के लोग हमारी विचारधारा को समझते हैं... तेलंगाना एक सपना था, गरीबों, किसानों और मजदूरों का सपना था। नौ साल तक टीआरएस ने इस सपने को



कुचलने की कोशिश की। अब टीआरएस ने अपना नाम बदलकर बीआरएस-भाजपा रिश्तेदार समिति कर लिया है।

राहुल के दौरे से पहले तेलंगाना कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि पुलिस और सरकारी तंत्र सत्तारूढ़ बीआरएस नेताओं के इशारे पर पार्टी के शीर्ष नेता राहुल की जनसभा में भाग लेने वाले लोगों के लिए बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) के अध्यक्ष और सांसद ए रेवंत रेड्डी ने इस मुद्दे पर राज्य के डीजीपी अंजनी कुमार से बात की। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी ने पुलिस की आलोचना की और दावा किया कि सत्तारूढ़ बीआरएस जनसभा को लेकर घबराई हुई है।

कांग्रेस विधायक डी श्रीधर बाबू ने आरोप लगाया था कि स्थानीय बीआरएस नेतृत्व रैली को असफल बनाने के प्रयास में अलोकतांत्रिक तरीके से काम कर रहा है, जबकि सीताक्का के नाम से लोकप्रिय एक अन्य कांग्रेस विधायक डी अनसूया ने बीआरएस सरकार पर लोगों को कार्यक्रम में ले जाने के लिए राज्य द्वारा संचालित सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) की बसों को किराए पर लेने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'यह निंदनीय है कि सरकारी तंत्र ने जांच चौकियां स्थापित कीं और निजी वाहनों को रोका जिनमें लोग बैठक में आ रहे थे।'

राहुल गांधी की जनसभा हैदराबाद से दो सौ किलोमीटर खम्मम में हो रही है। इस साल के अंत में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले चुनावी बिगुल फूंकने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क की पदयात्रा के समापन के रूप में यह जनसभा की जा रही है।

## पंजाब में 90 फीसदी घरों को मुफ्त बिजली मिल रही : सीएम मान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि राज्य के 90 फीसदी घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है और मुफ्त बिजली की गारंटी का एक साल पूरा होने पर लोगों को बधाई दी, जिससे समाज के हर वर्ग को फायदा हुआ है।

एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले साल एक जुलाई को लोगों को मुफ्त बिजली मुहैया कराने की गारंटी शुरू की थी और तब से राज्य के 90 फीसदी घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है और उनका बिजली बिल शून्य है।

मान ने कहा कि यह गर्व और संतुष्टि की बात है कि घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ देश के अन्न उत्पादकों को भी राज्य में मुफ्त और निर्बाध बिजली मिल रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों को बिना किसी कटौती के आठ घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति मिल रही है। किसान इसे लेकर वीडियो शेयर कर रहे हैं और सरकार का आभार जता रहे हैं। मान ने कहा कि इसके अलावा सरकार ने पीएसपीसीएल को 20,200 करोड़ रुपये की सब्सिडी का भुगतान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पिछली सरकारों की तरह कर्ज लेने से नहीं, बल्कि चोरी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार पंजाब के पास 43 दिन का कोयला भंडार है। इससे पहले राज्य में ब्लैकआउट का खतरा मंडरा रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पंजाब को बिजली अधिशेष राज्य बनाने के लिए प्रयास कर रही है, अब राज्य में हरित, सौर और जलविद्युत को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

## चश्मदीद गवाह के बयान पलटने के बावजूद कोर्ट ने सुनाई उम्र कैद

**इंदौर,एजेंसी।** जिला कोर्ट ने पैसे के लेनदेन को लेकर धारदार हथियार से वार कर हत्या करने वाले आरोपी को उम्र केद की सजा सुनाई। घटना के चश्मदीद गवाह (जो मृतक का मित्र था) के कोर्ट में बयान पलटने के बावजूद अदालत ने आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने सजा सुनाते हुए आरोपी देवेन्द्र उर्फ भय्यू प्रजापत को उम्र कैद के साथ अवैध हथियार रखने के आरोप में एक वर्ष की कैद व 15 सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक हेमंत राठौर ने की। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 22 मई 2020 को आरोपी देवेन्द्र उर्फ भय्यू ने सावन सोनी को पैसों की बात को लेकर धारदार गुप्ती से वार करके घायल कर दिया था। बाद में उसकी मृत्यु हो गई। घटना के अनुसंधान के दौरान घटना घटित होने के तुरंत बाद जांच अधिकारी अशोक पाटीदार ने घटना के प्रत्यक्षदर्शी साक्षी के धारा 164 के तहत बयान कोर्ट में कराए थे।

## तेलंगाना में कांग्रेस की नई सुबह का ब्लूप्रिंट तैयार : खडगे

**हैदराबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि तेलंगाना में पार्टी की नई सुबह के लिए ब्लूप्रिंट तैयार है।

खम्मम में पार्टी सांसद राहुल गांधी की सार्वजनिक बैठक से कुछ घंटे पहले खड़गे ने ट्विटर पर कहा कि तेलंगाना के 3.8 करोड़ लोग बदलाव चाहते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी की विशाल तेलंगाना जन गर्जना रैली राज्य के लोगों की साझा आकांक्षाओं को व्यक्त करेगी।

खडगे ने ट्वीट किया, तेलंगाना में नई सुबह के लिए हमारा ब्लूप्रिंट तैयार है। हम सामाजिक न्याय और समानता के आधार पर तेलंगाना के विकास और प्रगति के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।

राहुल गांधी आज शाम खम्मम में एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं।

खड़गे ने 1,360 किलोमीटर लंबी पदयात्रा पूरी होने पर कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क को बधाई दी। पीपुल्स मार्च के नाम से चल रही उनकी पदयात्रा खम्मम की जनसभा में समाप्त होगी।

एआईसीसी प्रमुख ने कहा कि जनसभा में कई वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे और लोगों के हाथ मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के सामूहिक नेतृत्व पर गर्व है।

खम्मम के पूर्व सांसद पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, जिन्हें हाल ही में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने निलंबित कर दिया था, अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल होने वाले हैं।

तेलंगाना में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य गठन का श्रेय लेने के बावजूद दो बार तेलंगाना में सत्ता हासिल करने में असफल रहने के बाद कांग्रेस पार्टी बीआरएस से सत्ता छीनने की कोशिश करेगी।

पड़ोसी राज्य कर्नाटक में पार्टी के सत्ता में आने के बाद खम्मम की जनसभा तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी का पहला बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम होगा।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कर्नाटक में चुनाव प्रचार खत्म करने के तुरंत बाद 8 मई को हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित किया था। तेलंगाना में अपनी पहली जनसभा में उन्होंने पार्टी के युवा घोषणापत्र का अनावरण किया था।कर्नाटक में जीत से पार्टी का मनोबल बढ़ा है। पिछले सप्ताह सुधाकर रेड्डी, पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव और 33 अन्य बीआरएस नेताओं ने नई दिल्ली में राहुल गांधी और खड़गे से मुलाकात के बाद कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का फैसला किया था।कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व ने आगामी चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति तैयार करने के लिए पिछले सप्ताह एक बैठक भी की थी।

# भाजपा का ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क अभियान तेज



ऋषिकेश। भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान ग्रामीण इलाकों में तेजी से चल रहा है। रविवार को भाजपाइयों ने सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। डोईवाला क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपाइयों ने बुल्लावाला में घर-घर चलो अभियान चलाया। जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि क्षेत्रवासियों को घर-घर जाकर प्रपत्र के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनहित की योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकिशन ने कहा कि भाजपा की सरकार जो कहती है, वह करती है। आने वाले निकाय और लोकसभा चुनाव में झूठ बोलने और गुमराह करने वाली ताकतें फिर आएंगी। इनसे सचेत रहकर भाजपा को ही आने वाले चुनाव में विजयी बनाना है।

जिला महिला मोर्चा मंत्री मंजू नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए मातृ वंदना योजना चलाकर करोड़ों महिलाओं और अनेकों योजनाएं द्वारा करोड़ों गरीबों का कल्याण किया है।

## संत निरंकारी मिशन ने किया जोनल स्तरीय बाल संत सत्संग का आयोजन

देहरादून। संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को जोनल स्तरीय बाल संत सत्संग का आयोजन किया। इस संत समागम में संतों ने बच्चों को सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज का संदेश दिया और कहा कि सत्संग से जुड़कर बच्चों के जीवन में निखार आता है।हरिद्वार बाईपास रोड स्थित सत्संग भवन में रविवार को दिल्ली से पहुंचे पालम ब्रांच के संयोजक रामशरण ने कहा कि बच्चों का मन पवित्र और पावन होता है। उनके अंदर किसी तरह की कोई भी दुर्भावना नहीं होती है। जो बच्चे बाल अवस्था में सत्संग से जुड़ जाते हैं, उनके जीवन में निखार आता है। ऐसे बच्चे आगे चलकर प्रेरणा के स्रोत बनते हैं। भक्ति की कोई उम्र नहीं होती। अनादि काल से कई भक्तों ने बहुत ही कम उम्र में संत संगति की अवस्था को प्राप्त किया।



# कार गैराज में लगी आग

देहरादून। हरिद्वार बाईपास रोड पर संत निरंकारी भवन के पास स्थित मोटर कार गैराज में आग लग गई। आग से वहां खड़ी कार और सेंटर में रखा सामान जल गया। सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने दो फायर टेंडर से पानी की बौछार करते हुए आग पर काबू पाया। एफएसओ देहरादून एसडी तिवारी ने बताया कि रविवार सुबह आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम मौके पर रवाना हुई। पहले एक और फिर दूसरा फायर टेंडर भेजा गया। दोनों टेंडर से पानी बौछार कर आग पर काबू पाया गया। बताया कि यह सेंटर हरिद्वार बाईपास रोड पर निरंकारी भवन के पास है। जिसका संचालन शहजाद करते हैं।

# निजीकरण के विरोध में उतरे केएमवीएन कर्मी

नैनीताल। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम की बैठक में गेस्ट हाउस को निजी हाथों में सौंपने की तैयारियों का विरोध किया गया। निगम प्रबंधन ने पूर्व में किए गए समझौतों को लागू करने की भी मांग उठाई गई। ऐसा न होने पर दोबरा से आंदोलन की चेतावनी दी गई। नैनीताल में रविवार को संयुक्त कर्मचारी महासंघ की बैठक अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता संपन्न हुई। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार शासन स्तर पर हुए समझौते को दो माह बीतने के बाद भी लागू नहीं कर रही है। इससे कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को निगम मुख्यालय नैनीताल में निगम के प्रबंध निदेश-क डॉ. संदीप तिवारी से निगम के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में चर्चा की जाएगी। साथ ही निगम के कुछ आवास गृह को निजी हाथों में दिए जाने की तैयारी की जा रही है। जिसका महासंघ पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह निगम के माध्यम से ही आवास गृह का संचालन करे। जिससे कि निगम की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। कहा कि किसी भी आवास गृह को पीपीपी मोड में नहीं देने दिया जाएगा। महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला ने कहा कि कर्मचारी निगम को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मेहनत को कम आंका जा रहा है। चेताया कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में पीतांबर दुमका, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, कैलाश, महेंद्र कुमार, जतिन कुमार, निखिलेश बिष्ट, विनोद तिवारी, संदीप सहाय, गंगोत्री, महेश कुमार सहित विभिन्न जनपदों से आए संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फार्महाउस से पाइप चोरी का आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ढालीपुर स्थित एक फॉर्म हाउस में चोरों ने बीते शुक्रवार रात को पाइप चोरी कर ले गये। फॉर्म हाउस के मालिक की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर तत्काल आरोपी को चोरी के पाइप सहित गिरफ्तार कर लिया।

## शिक्षक संघ चुनाव में गरमाई शिक्षक राजनीति

देहरादून। राजकीय शिक्षक संघ के चुनाव ने जोर पकड़ लिया। शिक्षकों को लुभाने के लिए प्रत्याशी हर दॉव आजमा रहे हैं। शिक्षकों के विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप और पेज पर प्रत्याशियों के चुनावी घोषणा पत्र, पोस्टर और वीडियो संदेश भी छाए हुए हैं। प्रत्याशियों के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर सर्वे भी शुरू किए हैं। यह बात दीगर है कि हर प्रत्याशी के समर्थक इन सर्वेक्षणों में अपने प्रत्याशी को ही सबसे ज्यादा लोकप्रिय प्रचारित कर रहे हैं। शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन छह और सात जुलाई को अल्मोड़ा में होना है। सात जुलाई को नई प्रांतीय कार्यकारिणी के लिए चुनाव होना है। इससे पहले संघ के चुनाव नवंबर 2017 में हुए थे।

# खतरनाक गंगाघाटों पर स्नान कर रहे पर्यटक

ऋषिकेश। गंगा के डेंजर घाटों पर पर्यटक खुलेआम स्नान कर रहे हैं।

डेंजर घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम न होने से पर्यटकों की जान खतरे में पड़ सकती है। खास बात यह है कि डेंजर घाटों पर सुरक्षा के मामले में पुलिस दावे करने तक ही सीमित है। लेकिन यहां न चेतावनी बोर्ड लगे हैं और न ही पुलिस तैनात है। कांवड़ यात्रा पर पुलिस-प्रशासन गंगा में डूबने की घटनाएं रोकने के लिये मुकम्मल इंतजाम के दावे तो कर रहा है, लेकिन धरातल पर हालात कुछ अलग है। रविवार को गंगा घाटी के अधिकांश डेंजर घाटों पर पर्यटक बेखौफ स्नान करते नजर आये। खतरनाक घाटों और तटों पर पर्यटकों की आवाजाही रोकने के लिए कोई सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। डेंजर घाटों पर अक्सर लोगों के डूबने की घटनाएं सामने आती हैं। बीते साल 19 लोग डेंजर घाटों पर स्नान करते समय जान गंवा चुके हैं। पुलिस के मुताबिक इस बार कांवड़ यात्रा में करीब एक करोड़ शिवभक्तों के नीलकंठ पहुंचने की संभावना है। ऐसे में गंगा स्नान के दौरान उनकी सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन सकती है। यात्रा शुरू होने में महज एक दिन शेष है।



इससे पहले ही कई श्रद्धालु प्रतिबंधित गंगाघाटों पर स्नान करते नजर आ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश ने बढ़ाई परेशानी योजनाओं का काम प्रभावित

देहरादून। दून शहर के विभिन्न इलाकों में रविवार को तेज बारिश हुई। इस दौरान बारिश का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। रायपुर रोड, डीएल रोड, ईसी रोड, एमकेपी रोड, न्यू रोड समेत कई इलाकों में बारिश के दौरान कुछ देर जलभराव की स्थिति रही। वाहन चालकों, राहगीरों को आवाजाही के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर निगम के आपदा नियंत्रण कक्ष में देर शाम तक कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई थी। नगर आयुक्त ने समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बारिश को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। जलभराव की समस्या को लेकर शिकायत या सूचना मिलने पर क्विक रिस्पॉंस टीमों को तत्काल मौके पर पहुंचने के लिए कहा है। ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा।

### पेट्रोल और डीजल पांच-पांच पैसे महंगा हुआ

देहरादून। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में मामूली बढ़ोतरी करते हुए दोनों के रेट पांच-पांच पैंसे बढ़ा दिए हैं। अब पेट्रोल की कीमत 95.33 रुपये लीटर और डीजल के दाम 90.33 रुपये लीटर हो गए हैं। तेल कंपनियों ने तीन महीने बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फेरबदल किया है। एक जुलाई से बढ़े हुए रेट लागू हो गए हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार देहरादून में जून में पेट्रोल 95.28 रुपये लीटर था, वहीं डीजल की कीमत 90.28 रुपये लीटर थी।

### सोवा की महिलाओं ने बच्चों में बांटी खुशियां

देहरादून। स्वयंसिद्धा एक्स ओएनजीसी ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (सोवा) की ओर से रविवार को श्रद्धानन्द बाल विनिता आश्रम में बच्चों में खुशियां बांटी। महिलाएं 57 बच्चों से मिली और उन्हें गद्दे, तकिए, चादरें और खाने का सामान भेंट किया। बताया कि आश्रम से फरवरी 2003 में 20 साल पहले दो महीने की लक्ष्मी नाम की कन्या को स्वीटी कलेर ने ओएनजीसी में कार्यरत एक निसंतान दंपत्ति को दिलवाने में मदद की थी।

# देश के विकास के लिए मोदी जरूरी: पुंडीर



विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को सहसपुर विधान सभा के शिवालिक नगर मंडल में विधायक सहदेव पुंडीर समेत कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर संपर्क किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान करने वाले पत्रक भी वितरित किए।

विधायक ने कहा कि देश के विकास के लिए मोदी जरूरी हैं। विधायक ने कहा समाज का हर वर्ग आज भाजपा सरकार द्वारा संचालित किसी न किसी योजना से लाभान्वित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश तरक्की कर रहा है।

केंद्र सरकार की योजनाओं में समाज का अंतिम व्यक्ति शामिल है। कहा बीते नौ साल में देश के हर व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार हुआ। कई योजनाएं सिर्फ गरीब कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं। उन्होंने देश के विकास और आम आदमी के उत्थान के लिए लोक सभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील भी की। अभियान में मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह रावत, महामंत्री धर्मपाल बिष्ट, जयवीर सिंह राणा, बिजेंद्र उनियाल, चंद्रशेखर सामंत, पार्षद बीना रतूड़ी, विमल, जीवन रावत, अमित रावत, सुरेंद्र नेगी, बलबीर गुनियाल, रुक्मणि रावत, मीरा, शांति आदि शामिल रहे।

## ट्रांसजेंडर को बताई उनके लिए बनी योजनाएं

देहरादून। सामाजिक संस्था फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसायटी की ओर से ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के लिए स्वरोजगार, फाइनेंस प्रबंधन और यौन उत्पीड़न से जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा ने महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न संबंधी जानकारी दी और पॉश ऐक्ट 2013 के तहत प्रावधानों के बारे में बताया। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के बिशन सिंह रावत ने स्वरोजगार और फाइनेंस प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। इससे जुड़ी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। डा. शर्मा ने प्रतिभागियों की निजी और व्यावसायिक समस्याओं के निराकरण के लिए समाधान बताए। मानसिक स्वास्थ की जागरुकता और बचाव विषय भी जानकारी दी गई।

# सरकारी स्कूलों का लगातार होगा औचक मुआयना

देहरादून। गर्मियों की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने के पहले ही दिन बड़ी संख्या में शिक्षकों की गैरहाजिरी को गंभीरता से लिया गया है। अब से नियमित रूप से प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों का औचक मुआयना किया जाएगा। बीते रोज प्रदेश स्तर पर किए गए औचक मुआयने में 303 प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक समेत 303 शिक्षक गैरहाजिर मिले थे। सभी का वेतन रोकते हुए जवाब तलब किया जा रहा है।

डीजी-शिक्षा बंशीधर तिवारी ने कहा कि यह वास्तव में गंभीर विषय है। शिक्षक समाज का आदर्श होते हैं। छात्र ही नहीं बल्कि पूरा समाज उनसे प्रेरणा लेता है। शिक्षकों को तो स्वयं ही अनुशासन और कार्यपरायणता की मिसाल पेश करनी चाहिए।

अधिवेशन के लिए छुट्टी का मसला उलझा

राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अधिवेशन में डेलीगेट से इतर शिक्षकों को शामिल होने की अनुमति मिलना मुश्किल है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी ने शिक्षक संघ अध्यक्ष व महामंत्री को संझा के संविधान के अनुसार निर्णय लेने को कहा है। संघ के प्रांतीय चुनाव में मतदान का अधिकार केवल स्कूल से चुने जाने वाले डेलीगेट को ही है। ऐसे में प्रधानाचार्य पर निर्भर होगा कि वो अधिवेशन में शामिल होने के लिए कितने शिक्षकों को अवकाश की अनुमति देते हैं। प्रांतीय महामंत्री डॉह्य.सोहन सिंह माजिला ने कहा कि कई स्थानों पर कार्यकारिणी पदाधिकारी डेलीगेट नहीं है। ऐसे में उन्हें भी आने की अनुमति नहीं मिल पाएगी।

इस संबंध में शिक्षा निदेशक से रियायत के लिए पुनः अनुरोध किया जाएगा।

## नगर निगम के सफाई कर्मी ने खुद पर छिड़का डीजल

देहरादून। नगर निगम से अनुबंधित इकॉन कंपनी के एक कर्मचारी ने रविवार सुबह सहस्त्रधारा रोड स्थित मयूर विहार वर्कशॉप में खुद पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। उसने आरोप लगाया कि कंपनी ने चार माह से वेतन नहीं दिया है। समर्थन में कर्मचारी यूनियन ने आधे से ज्यादा वार्डों में सफाई वाहनों का संचालन ठप कर दिया। दोपहर तक कूड़ा नहीं उठ पाने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष संजीव ने बताया कि राजू साहनी इकॉन कंपनी में हेल्पर के पद पर तैनात है।

# सैन्यधाम निर्माण हेतु जल संग्रहण यात्रा का दून में भव्य स्वागत

देहरादून। सैन्यधाम में अमर जवान ज्योति निर्माण के लिए उत्तराखंड की प्रमुख नदियों से एकत्रित पवित्र जल संग्रहण यात्रा मंत्रोच्चारण के साथ दून पहुंची। यहां रिस्पना पुल और घंटाघर पर भाजपाइयों ने भारत माता के जयकारों के साथ पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। घंटाघर में यात्रा के स्वागत के बाद प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार सैनिकों के सम्मान के लिए तत्पर है। प्रदेश की पवित्र नदियों के जल से सैन्यधाम में अमर जवान ज्योति का निर्माण होगा। प्रदेश के हर शहीद के सम्मान के लिए बन रहा यह सैन्यधाम यादगार रूप में स्थापित होगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पीएम मोदी और सीएम धाम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सैन्यधाम पीएम मोदी की परिकल्पना है। इस धाम के निर्माण के लिए हम पहले ही 1734 शहीदों के आंगन की मिट्टी लेकर आए हैं। इस मौके पर विधायक राजपुर रोड खजान दास,महेंद्र कुकरेजा, प्रदीप रावत भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एडवेंचर चैलेंज में दिखाई प्रतिभा

देहरादून। होलकर एजुकेशनल ट्रस्ट ने डेकाथलॉन देहरादून के सहयोग से एडिफाई वर्ल्ड स्कूल में होलकर एडवेंचर चैलेंज का आयोजन किया। इसमें स्पोर्ट क्लाइंबिंग, फ्रीस्टाइल स्विमिंग और वाटर पोलो जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी मनीष मैठाणी और आर्मी पब्लिक स्कूल, क्लेमेंटटाउन के एसओ लेफ्टिनेंट कर्नल गुंजन पाठक मौजूद रहे। होल्कर एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी एडवोकेट पंकज होल्कर, किरण होल्कर, प्रधानाचार्या हरलीन कौर चौधरी, सदस्य प्रदीप गौड आदि मौजूद रहे।

# संगठन ने डॉक्टर और प्रतियोगिता विजेता नवाजे

देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की ओर से किशन नगर स्थित दीपलोक राम मंदिर में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। न्यायमूर्ति राजेश टंडन, कैंट विधायक सविता कपूर, पदमडॉक्टर बीकेएस संजय, सुनील अग्रवाल, वीणा जैन संगठन के चेयरमैन सचिन जैन ने डॉक्टरों को सम्मानित किया।



सम्मानित होने वाले डॉक्टरों में दंत चिकित्सक डा. अभिनव जैन, नेत्र सर्जन डा. ओमप्रकाश गुप्ता, फिजिशियन डा. आरडी अग्रवाल, ब्लड बैंक इंचार्ज दून अस्पताल डॉ. नेहा बत्रा, फिजिशियन डॉ. पवन कुमार गोयल शामिल रहे।

इस दौरान डॉक्टरों की सेवाओं को सराहा गया। इस दौरान संगठन प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन एवं सारिका चौधरी, जितेंद्र डंडोना, बबीता आनंद, रेखा निगम, राजकुमार तिवारी, अमर जैन अमित अरोड़ा, एनके गुप्ता, रोशन राणा, पुनीत बग्गा, सोनिया रावत, कविता जैन आदि मौजूद रहे।

# एसबीआई एटीएम काटकर नगदी लूटने वाले गैंग का पुलिस ने किया खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 आरोपी फरार

## ,घटना में प्रयुक्त कार, गैस कटर मशीन और चार लाख रुपये नगदी बरामद





देहरादून। हर्रावाला चौकी क्षेत्र में एसबीआई एटीएम काटकर अंदर से नगदी लूटने वाले गैंग का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने मेवात के हामिद गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। घटना में शामिल दो आरोपी फरार चल रहा हैं। उनकी पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त कार, गैस कटर मशीन और चार लाख रुपये नगदी बरामद की है। डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने रविवार दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि 26 जून की रात मियांवाला फ्लाईओवर की सर्विस लेन स्थित एसबीआई का एटीएम काटा गया। घटना को लेकर 27 जून को एटीएम का संचालन करने वाली कंपनी के कर्मचारी ने मुंबई से मेल पर तहरीर भेजकर केस दर्ज कराया। पता लगा कि घटना के दिन सुबह ही एटीएम में आठ लाख रुपये डाले गए थे। इससे पहले भी कुछ नगदी एटीएम में होने की संभावना है। केस दर्ज कर डोईवाला और रानीपोखरी थाना पुलिस के साथ एसओजी देहात को मिलाकर चार टीमें बनाई गई। चारों टीमों ने एटीएम के पास से घटना के बाद निकली कार को ट्रेस किया।

400 सीसीटीवी कैमरों और हरियाणा पुलिस ने जानकारी के बाद पता लगा कि गैंग हरियाणा के मेवात इलाके है। यह इलाका अपराधियों के निवास के लिए फेमस है।

# अनुराग ठाकुर, अभिनव बिंद्रा ने लॉज़ेन डायमंड लीग में जीत के लिए नीरज चोपड़ा को दी बधाई




नई दिल्ली, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को डायमंड लीग के लुसाने चरण में सीजन की लगातार दूसरी जीत दर्ज करने पर बधाई दी है।

अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया, नीरज धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपने 5वें प्रयास में 87.66 मीटर के विशाल थ्रो के साथ, नीरज ने एक और डायमंड लीग इवेंट में अपना दबदबा बनाया और लॉज़ेन डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। मांसपेशियों की चोट के बाद ब्लॉकबस्टर वापसी करने और भारत को फिर से गौरवान्वित करने के लिए हमारे टॉप स्कीम एथलीट को अभूतपूर्व प्रयास के लिए बधाई। बधाई हो, चैंपियन!

इस बीच, अभिनव बिंद्रा ने लिखा, लॉज़ेन डायमंड लीग में अविश्वसनीय जीत पर नीरज चोपड़ा को बहुत-बहुत बधाई! आपकी जीत आपके अटूट लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, खासकर चोट से वापसी के बाद।

पिछले महीने प्रशिक्षण के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण, 25 वर्षीय भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी ने पहले तीन शीर्ष स्पर्धाओं को छोड़ दिया था। लेकिन उन्होंने धमाकेदार वापसी करते हुए यहां पांचवें दौर में 87.66 मीटर के थ्रो के साथ डायमंड लीग का खिताब जीता।

शुक्रवार देर रात, नीरज ने फाउल से शुरुआत की और फिर 83.52 मीटर और 85.04 मीटर थ्रो किया। चौथे राउंड में उन्होंने एक और फाउल किया हुई और अगले राउंड में उन्होंने 87.66 मीटर का विजयी थ्रो फेंका। उनका छठा और आखिरी थ्रो 84.15 मीटर का था।

जर्मनी के जूलियन वेबर 87.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च 86.13 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

इससे पहले, नीरज ने 5 मई को दोहा में सीजऩ की शुरुआती डायमंड लीग मीटिंग में 88.67 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की थी।

## मनिका बत्रा, शरत कमल डब्ल्यूटीटी जगरेब कंटेंडर से बाहर हुए



जगरेब, भारत के शीर्ष महिला और पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ी क्रमशः मनिका बत्रा और अचिंत शरत कमल डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए, जिससे एकल वर्ग में देश की चुनौती शनिवार को यहां समाप्त हो गई।

मनिका और शरत को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 0-3 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

मनिका को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज शिन यूबिन ने 13-11, 11-5, 16-14 से हराया जबकि विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान के खिलाड़ी चीन के लिन शिडोंग ने शरत को एकतरफा मुकाबले में 11-6, 11-7, 11-5 से शिकस्त दी।

# क्रिकेट वेस्टइंडीज ने माइल्स बासकोम्बे को क्रिकेट का नया निदेशक नियुक्त किया



सेंट जॉन्स,क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने शुक्रवार को तीन साल के अनुबंध पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर माइल्स बासकोम्बे को क्रिकेट के नए निदेश-ाक के रूप में नियुक्त किया है। एंटीगुआ के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड में निदेशक मंडल की बैठक में लिए गए निर्णय में, बासकोम्बे जिमी एडम्स से क्रिकेट निदेशक का पद संभालेंगे, जो पिछले छह वर्षों से इस भूमिका में थे। बासकोम्बे 1 अगस्त से अंतरिम क्रिकेट निदेशक के रूप में अपनी नई भूमिका ग्रहण करेंगे।क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बदलाव ऐसे समय में आया है जब वेस्टइंडीज की टीम जिम्बाब्वे में चल रहे क्वालीफायर टूर्नामेंट में संघर्ष कर रही है, जिससे उनका भारत में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना भी मुश्किल लग रहा है।बासकोम्बे ने एक बयान में कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट एक महत्वपूर्ण चरण में है और प्रदर्शन में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। हमने एक केंद्रीय उच्च-प्रदर्शन प्रणाली स्थापित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है जिसे अब हमारे सभी क्षेत्रों में लागू करने की आवश्यकता है। मैं सीडब्ल्यूआई की वरिष्ठ नेतृत्व टीम के सदस्य के रूप में और प्रादेशिक बोर्डों के साथ मिलकर आवश्यक सुधार लाने के लिए काम करने के लिए उत्सुक हूं, मुझे विश्वास है कि विश्व स्तरीय मानकों को प्राप्त करने के आधार पर एक मजबूत प्रणाली को लागू करने से और अधिक सफलता मिलेगी।37 वर्षीय बासकोम्बे ने 2011 में वेस्टइंडीज के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है और 2007 और 2017 के बीच विंडवर्ड द्वीप समूह और संयुक्त परिसरों और कॉलेजों दोनों के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है। वह बैचलर और मास्टर दोनों डिग्री के साथ वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय से स्नातक हैं और एक प्रमाणित कोच हैं।बासकोम्बे, जो 2019 और 2021 के बीच सीडब्ल्यूआई पुरुष चयनकर्ता थे, पिछले दो वर्षों में विंडवर्ड आइलैंड्स क्रिकेट बोर्ड में तकनीकी निदेशक रहे हैं। उनके तकनीकी नेतृत्व में, विभिन्न स्तरों पर पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों की किस्मत में उल्लेखनीय बदलाव आया है, जिसमें 2023 में अजेय प्रथम श्रेणी सीजऩ भी शामिल है।

# कमिंस ने पिंडली की चोट के साथ बल्लेबाजी नहीं करने को कहा था: लियोन



लंदन, । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर नाथन लियोन को यहां इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान उनके कप्तान पैट कमिंस ने पिंडली की चोट के कारण बल्लेबाजी नहीं करने को कहा था लेकिन यह अनुभवी ऑफ स्पिनर टीम के अपने साथियों का समर्थन करने के लिए बल्लेबाजी करने उतरा।अपना लगातार 100वां टेस्ट खेल रहे लियोन को लाड्र्स में दूसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के दौरान कैच लेने के प्रयास में दाएं पैर की पिंडली में चोट लगी थी।

शनिवार को हालांकि वह मैच के चौथे दिन बल्लेबाजी करने उतरे और मिशेल स्टार्क के साथ अंतिम विकेट के लिए 15 रन जोडक़र ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त को 370 रन तक पहुंचाया।

लियोन चार रन बनाकर आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 279 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक 114 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। लियोन ने रविवार को 'सेन रेडियो' से कहा, पैट (कमिंस) ने शुरुआत में मुझे कहा था कि मैं बल्लेबाजी के लिए नहीं जाऊंगा।

उन्होंने कहा, लेकिन मैंने (मुख्य कोच) एंड्रयू मैकडोनाल्ड और हमारी मेडिकल टीम से बात की और यह जानने का प्रयास किया कि मैं क्रीज पर कैसे उतर सकता हूं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 121 टेस्ट खेलने वाले लियोन ने कहा कि टीम के फिजियो के प्रयास से वह दूसरी पारी में 13 गेंद खेलने में सफल रहे।

# होल्डर ने कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट में प्रांतीय मानसिकता बदलने की जरूरत




हराने, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने टीम के भारत में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद साथी क्रिकेटरों से अपील की कि वे खेल की बेहतरी के लिए 'प्रांतीय' मानसिकता छोड़ें और 'एक क्षेत्र' के रूप में साथ आएं।

दो बार का विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज 1975 में विश्व कप की शुरुआत के बाद से पहली बार 50 ओवर के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होगा। शनिवार को यहां विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ सात विकेट की हार के साथ वेस्टइंडीज प्रतियोगिता से बाहर हो गया। वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 181 रन पर ढेर हो गई जिसके जवाब में स्कॉटलैंड ने छह से अधिक ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। होल्डर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह (क्रिकेट) निजी चीज या प्रांतीय चीज नहीं है। हमें एक क्षेत्र के रूप में एकजुट होना होगा और सोचना होगा कि एक समूह के रूप में हमें कैसे आगे बढऩा है। होल्डर ने शनिवार को 45 रन बनाने के अलावा एक विकेट चटकाया। टीम की संचालन संस्था क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) छह संघों का समूह है जिसमें बारबडोस, ग्याना, जमैका, लेवर्ड आइलैंड्स, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और विंडवर्ड आइलैंड्स शामिल हैं।

ऑलराउंडर होल्डर ने कहा कि उनकी टीम को स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले की अहमियत पता थी और उनके पास अच्छा मौका था लेकिन वे अंत में जीत दर्ज नहीं कर पाए।

उन्होंने कहा, हमें पता था कि क्या दांव पर लगा है और हमारे पास क्वालीफाई करने का मौका था। हमारे पास स्कॉटलैंड को हराने का मौका था लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। होल्डर ने कहा, यह संभवतः टीम के साथ मेरे लिए सबसे खराब समय में से एक है। लेकिन आपको पता है कि अब भी काफी सकारात्मक पक्ष हैं। मैं निकोलस पूरन के लिए बेहद खुश हूं, पूरे टूर्नामेंट के दौरान वह जिस तरह खेला। यह देखकर अच्छा लगता कि कुछ युवा खिलाडिय़ों को बड़े मंच पर मौका मिला। होल्डर ने कहा कि किसी भी अल्पकालिक योजना से वेस्टइंडीज क्रिकेट को मदद नहीं मिलेगी और जमीनी स्तर पर बदलाव करने होंगे। उन्होंने कहा, यह कोई त्वरित समाधान नहीं है, यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें समय बिताने की जरूरत है। जैसा कि मैंने कहा, विकास (जमीनी स्तर पर) सबसे महत्वपूर्ण चीज है, जहां हम बस चीजों को सही जगह पर रख सकते हैं और अपनी प्रतिभा का विकास कर सकते हैं। उम्मीद है कि अगले कुछ वर्षों में हमें इसका फल मिलेगा। होल्डर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वेस्टइंडीज के प्रदर्शन में 'उतार-चढ़ाव' दिखा है।

## फिल्मी सफर

# थ्रिलर से भरपूर है सोनम कपूर की ब्लाइंड, 7 जुलाई को जियो सिनेमा पर प्रीमियर होगी



बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस सोनम कपूर एक्टिंग की दुनिया में वापसी के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही फिल्म ब्लाइंड में नजर आने वाली हैं जो कि थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर है। सोनम कपूर की यह फिल्म सिनेमाघर में न रिलीज होकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी। हाल ही में सोनम कपूर की ब्लाइंड का टीजर भी रिलीज हुआ है, जो किसी को भी हैरान कर दे। टीजर को देखकर कहा जा सकता है कि यह फिल्म थ्रिलर से भरपूर होगी। इसके साथ ही सोनम कपूर का रोल भी दिलचस्प होने वाला है, जिसने फैंस को भी एक्साइटेड कर दिया है।

सोनम कपूर ब्लाइंड के टीजर में सीरियल किलर से पंगा लेती नजर आएंगी, जिसका किरदार एक्टर पूरब कोहली अदा करेंगे। ब्लाइंड के टीजर में देखने को मिला कि सोनम कपूर एक टैक्सी में बैठती हैं। वहां टैक्सी ड्राइवर सोनम कपूर से पानी के लिए पूछता है। तभी उन्हें एहसास होता है कि टैक्सी में किसी को बंदी बनाकर रखा गया है। ऐसे में सोनम कपूर सवाल करती हैं, लेकिन वह ड्राइवर उन्हीं पर हमला कर देता है। दृष्टिहीन होने के बाद भी सोनम कपूर उस शख्स को पहचान लेती हैं और उसके बारे में जांच पड़ताल करने का फैसला करती हैं। हालांकि कई बार उन्हें सीरियल किलर की ओर से धमकी भी मिलती है, लेकिन वह जरा भी पीछे नहीं हटती हैं।

सोनम कपूर की अपकमिंग फिल्म ब्लाइंड के टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। एक यूजर ने लिखा, सोनम कपूर को 3 साल बाद वापस देखने के लिए बेताब हूं।

## एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने ब्लैक ब्रालेट पहन बढ़ाई धडक़नें, टकटकी लगाकर फोटो निहार रहे लोग

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने एक बार फिर से अपनी लेटेस्ट जबरदस्त पोस्ट फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखकर फैंस की धडक़नें तेजी से बढऩे लगी हैं। हालांकि लोग अपनी निगाहें उनकी फोटोज पर से हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने एक बार फिर से अपनी अदाओं का कहर फैंस के बीच बरपा दिया है। वो हर बार अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया का तापमान गर्म करने में लगी रहती हैं। इसी बीच एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। नम्रता मल्ला ने अपनी इन तस्वीरों में ब्लैक कलर की छोटी सी ब्रालेट पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के आगे अपना टोन्ड फिगर और क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने अपनी बेहद बोल्ड तस्वीर पोस्ट की हो बल्कि इससे पहले भी कई बार अपनी हॉट फोटोज बिकिनी में शेयर की हैं। नम्रता मल्ला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

# फिल्म के टीजर में होश उड़ाएगा शाहरुख खान का अवतार



वर्ष 2023 के बीते 6 माह में बॉक्स ऑफिस पर एकमात्र धमाका शाहरुख खान की फिल्म पठान ने किया। उसके बाद ऐसी कोई फिल्म नहीं आई जिसने बॉक्स् ऑफिस पर तहलका मचाने में कामयाब हुई हो। अपवाद स्वरूप द केरला स्टोरी रही, जिसने 200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन इस फिल्म को प्रपोगैंडा फिल्म बताया गया। अब सबकी नजरें शाहरुख खान की दूसरी प्रदर्शित होने वाली फिल्म जवान पर लगी हुई हैं। इस फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि यह बॉक्स ऑफिस पर सुनामी लाने में कामयाब होगी। शाहरुख खान की जवान भारतीय सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म है। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर तमिल निर्देशक एटली की पहली हिंदी फिल्म है और इसमें नयनतारा और विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। डिजिटल दुनिया पर फिल्म के टीजऱ और रिलीज की तारीख को लेकर काफी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार जवान का आधिकारिक टीजऱ 7 जुलाई या 15 जुलाई को पूरे धूमधाम के साथ लॉन्च किया जाएगा।शाहरुख खान और एटली जवान टीजऱ को भव्य तरीके से लॉन्च करेंगे। यह सभी का सबसे बड़ा डिजिटल लॉन्च होगा। समय, और टीजऱ हर किसी के होश उड़ा देगा। इसमें शाहरुख खान को पहले कभी नहीं दिखाया गया है। निर्माता चेन्नई में जवान के टीजऱ को लॉन्च करने के लिए एक विशेष अतिथि की तलाश कर रहे हैं, और एक बार यह तय हो जाने के बाद तारीख भी तय हो जाएगी। इसलिए, फिलहाल इस बात पर संशय है कि इसे कब रिलीज़ किया जाएगा 7 या 15 जुलाई।टीजऱ इस महाकाव्य एक्शन के 2 महीने लंबे मार्केटिंग अभियान की भी शुरुआत करेगा, क्योंकि टीजऱ लॉन्च के बाद गाने और ट्रेलर होंगे। जवान 7 सितंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है और ठीक 7 जुलाई को अभियान शुरू होगा। पठान के बाद, शाहरुख खान एक और ब्लॉकबस्टर देने के लिए यहां हैं।

# ब्यूटिफुल ब्लू कलर आउटफिट में श्रिया सरन लग रही हॉट



अजय देवगन की ऑनस्क्रीन वाइफ श्रिया सरन इन दिनों अपने लेटेस्ट तस्वीरों के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में बनी हुई हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपने बोल्ड पोस्ट शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। श्रिया सरन के बहुत से ऐसे लुक्स को देखकर फैंस भी दंग रह जाते हैं। इसी बीच एक बार फिर से एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वो हॉट तो लग रही थीं लेकिन यूजर्स ने उन्हें बूरी तरह ट्रोल कर दिया है। साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस श्रिया सरन एक बार फिर से अपनी तस्वीरों के चलते सोशल मीडिया पर ह्वशश्चह्य मूमेंट का शिकार हो गई हैं। हाल ही में फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने बेहद ही ब्यूटिफुल ब्लू कलर का आउटफिट पहना हुआ था। एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में हॉट नजर आ रही थीं, लेकिन यूजर ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया था। हालांकि उर्फी जावेद से कंपेयर भी करने लगे थे। दरअसल, श्रिया सरन ने एक ऑफ-शोल्डर डेनिम आउटफिट पहना हुआ था।

# अविका गौर ने बताया कि वो कहां करेंगी अपना बर्थडे सेलिब्रेट ?



एक्ट्रेस अविका गोर, जो शुक्रवार को 26 साल की हो जाएंगी, दो अलग-अलग सेटों पर अपना बर्थडे सेलिब्रेट करेंगी।

मैं दो प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कर रही हूं, इसलिए अपनी यूनिट के साथ दो अलग-अलग सेट पर बर्थडे सेलिब्रेट करुंगी। यह पहले के बर्थडे से ज्यादा एक्साइटेड होने वाला है। पहले मैं एकदम चिल रहती थी और परिवार और दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करती थी। इस बार मैं अपने काम पर ज्यादा फोकस करूंगी और हर शॉट में अपना बेस्ट दूंगी।

वह हर साल जन्मदिन मनाती हैं और जितना संभव हो उतना समय परिवार के साथ बिताती हैं।

उन्होंने कहा, मैं हर साल ऐसा करने की कोशिश करती हूं। अगर मैं अपने परिवार के साथ नहीं हूं तो मैं उनके साथ एक घंटे की वीडियो कॉल पर रहती हूं। मैं दो मिनट के इंस्टेंट नूडल्स की शौकीन हूं इसलिए मेरा केक कभी चॉकलेट या ब्लैक फॉरेस्ट केक नहीं होता है, मेरा केक हमेशा मैगी केक होता है इसलिए मैं कई सालों से यही कर रही हूं। उन्होंने कहा कि उम्र सिर्फ एक नंबर है। अपने सबसे यादगार जन्मदिनों में से एक को साझा करते हुए उन्होंने कहा, हर कोई हमेशा बहुत खास होता है और हर जन्मदिन हमेशा पिछली बार से अलग होता है। मैं किसी एक को नहीं चुन सकती। मैं इसका इंतजार कर रही हूं क्योंकि खासकर 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट्स की हिट घोषणा के बाद यह और भी खास होने जा रहा है।

मैं निश्चित रूप से अपने काम के बारे में ज्यादा अच्छा महसूस कर रहा हूं और यह सेलिब्रेशन लंबे समय तक जारी रहेगा।

फिल्म के लिए मिल रही शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा, यह मेरे दर्शकों से मुझे मिला अब तक का सबसे बड़ा उपहार है और मैं इसके लिए वास्तव में आभारी हूं और यह हमेशा खास रहेगा।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338